दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 43
कोटद्वार शनिवार
3 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com



**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये


# ओडिशा ट्रेन हादसे में 50 लोगों की मौत, 350 से अधिक घायल

## रेल मंत्रालय ने किया मुआवजे का एलान



ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा रेलवे स्टेशन के पास एक भीषण ट्रेन हादसा हो गया। बहनागा स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। अधिकारियों का कहना है कि अब तक 50 लोगों की मौत, 350 से अधिक घायल हो गए हैं। ओडिशा के बालासोर जिले में बहनागा रेलवे स्टेशन के पास एक भीषण ट्रेन हादसा हो गया। बहनागा स्टेशन के पास कोरोमंडल एक्सप्रेस और मालगाड़ी आपस में टकरा गईं। अधिकारियों का कहना है कि अब तक 50 लोगों की मौत, 350 से अधिक घायल हो गए हैं। वहीं, तलाशी और बचाव अभियान के लिए टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। ट्रेनों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और उसके कई डिब्बे मालगाड़ी पर चढ़ गए।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीन ट्रेनों की टक्कर में सबसे पहले दुरंतो एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकराई फिर कोरोमंडल भी आकर टकरा गई। तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि ट्रेन का इंजन मालगाड़ी के डिब्बों के ऊपर चढ़ गया है। मृतकों के परिजनों के लिए रेल मंत्रालय ने मुआवजे का एलान किया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2 लाख रुपए और मामूली चोटों वाले लोगों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

### ओडिशा ट्रेन हादसे पर मोदी ने जताया दुख; बोले– शोकाकुल परिवारों के साथ मेरी संवेदनाएं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के बालासोर में हुए ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक ट्वीट के जरिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। पीएम ने अपने ट्वीट में लिखा कि ओडिशा में ट्रेन हादसे की घटना से व्यथित हूं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना है।

### हादसे पर रेलमंत्री से हुई बात

उन्होंने अपने ट्वीट में यह भी बताया कि हादसे के संबंध में उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली है। दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जा रही है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू और उपराष्ट्रपति ने जताया दुख

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के बालासोर में हुई रेल दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी ओडिशा के बालासोर में ट्रेन दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## राकेश टिकैत का सरकार को अल्टीमेटम



9 जून तक बृजभूषण की नहीं हुई गिरफ्तारी तो देशभर में होंगे प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र, एजेंसी।** पहलवानों के विरोध के समर्थन में आयोजित खाप पंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा, "हम मामले पर चर्चा शुरू करने के लिए सरकार को 9 जून तक का समय दे रहे हैं। 9 जून के बाद इन बेटियों (महिला पहलवानों) के समर्थन में देश भर में प्रदर्शन और पंचायतें होंगी"।

सरकार के पास 9 जून तक समय है, सरकार जैसे भी बातचीत करना चाहते हैं वो वैसे कर लें। बच्चे (पहलवान) बहुत दुखी हैं उनको धमकियां मिल रही हैं। हमारी पहली प्राथमिकता है कि सरकार उन पर (पहलवान) दर्ज मामले को वापस लें और बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी करें अन्यथा हम आंदोलन करेंगे।

टिकैत ने कहा कि कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि बृजभूषण से गिरफ्तारी से नीचे कुछ भी समझौता नहीं किया जाएगा और बेटियों ने भी यही कहां है। सरकार के पास नौ जून तक का समय है यदि फिर भी सरकार निर्णय नहीं ले पाती है तो बेटियों को 9 जून को उसी स्थान पर छोड़कर आएंगे जहां वह धरना दे रही थी। सरकार बातचीत करना चाहती है तो खाप पंचायतें तैयार हैं। महापंचायत में बैठक के बाद सरकार को 9 जून तक का समय दिया गया है। उन्होंने कहा नौ जून को सभी भाइयों को दिल्ली ले जाकर धरने पर छोड़ दिया जाएगा, इसके बाद किसान आंदोलन की तरह शुरू किया जाएगा। इससे पहले सरकार बातचीत करे या फिर आरोपित को गिरफ्तार करें।

## अग्नि–1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अग्नि–1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण ओडिशा के एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सामरिक बल कमान द्वारा किया गया। यह मध्यम दूरी का मिसाइल है जिसका नाम अग्नि–1 है। इस मिसाइल की विशेषता है कि यह लक्ष्य को भेदने में कारगर है और उच्च परिशुद्धता वाली प्रणाली का उपयोग करती है। उपयोगकर्ता प्रशिक्षण लॉन्च में मिसाइल के सभी नियंत्रण और तकनीकी मापदंड सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। यह सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण भारतीय रक्षा शोध और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। भारत ने अग्नि–1 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल प्रशिक्षण प्रक्षेपण करके दुश्मनों के खेमे में खलबली मचा दी है। यह मिसाइल इतनी खतरनाक है कि आसमान में काफी ऊंचाई से दुश्मनों के घर आग बरसा सकती है। इस मिसाइल के प्रक्षेपण से चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मनों को जरूरत पडने पर सबक सिखाया जा सकेगा।

## रद्द नहीं हो सकता देशद्रोह कानून, लॉ कमीशन ने सरकार को सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** देशद्रोह कानून पर लॉ कमीशन (विधि आयोग) ने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। उसका कहना है कि देशद्रोह से निपटने के लिए आईपीसी की धारा 124ए को बनाए रखने की आवश्यकता है। रिपोर्ट में कहा कि इसे निरस्त करने से देश की अखंड़ता और सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है।

## नाम बदलना मौलिक अधिकार : इलाहाबाद हाईकोर्ट

**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि पसंद का नाम रखने या व्यक्तिगत पसंद के अनुसार नाम बदलने का अधिकार भारत के संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के दायरे में आता है। न्यायमूर्ति अजय भनोट ने समीर राव की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया, जिसमें उत्तर प्रदेश के बरेली में माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय सचिव ने नाम बदलने वाले एक आवेदन को खारिज कर दिया था।हाईकोर्ट ने उत्तरदाताओं को याचिकाकर्ता को शाहनवाज से एमडी समीर राव में अपना नाम बदलने और उक्त परिवर्तन को शामिल करते हुए नए हाई स्कूल (कक्षा 10) और इंटरमीडिएट (कक्षा 12) प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया।याचिकाकर्ता ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट शिक्षा बोर्ड द्वारा हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा प्रमाणपत्रों में अपना नाम बदलने के लिए अपने आवेदन की अस्वीकृति को चुनौती दी थी।अपने फैसले में, हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया कि पसंद का नाम रखने या व्यक्तिगत वरीयता के अनुसार नाम बदलने का अधिकार अनुच्छेद 19 (1) (अ), अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) के दायरे में आता है।हाईकोर्ट ने कहा, अधिकारियों ने मनमाने ढंग से नाम बदलने के आवेदन को खारिज कर दिया और कानून में खुद को गलत तरीके से निर्देशित किया। अधिकारियों की कार्रवाई अनुच्छेद 19 (1) (ए), अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 14 के तहत गारंटीकृत याचिकाकर्ता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती है।

## लिपुलेख हाईवे के पास दरकी चट्टान, फंसे 40 आदि कैलाश तीर्थयात्रियों को सुरक्षित निकाला

**धारचूला (पिथौरागढ़)।** एसडीआरएफ ने पिथौरागढ़ में भूस्खलन में फंसे आदि कैलाश यात्रा के 40 तीर्थयात्रियों को बचाया। उन्हें सुरक्षित धारचूला ले जाया गया। उत्तराखंड पुलिस ने इसका वीडियो पर जारी किया है। चीन सीमा को जोड़ने वाली तवाघाट–लिपुलेख सड़क धारचूला से 45 किमी आगे लखनपुर के पास चट्टान दरकने से बंद हो गई है। पहाड़ी दरकने से पूरा पहाड़ ही सड़क पर आ गिरा। गनीमत रही कि सड़क निर्माण में लगे मजदूर और ग्रामीण घटना स्थल से काफी दूर होने से कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं, पहाड़ी दकरने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।बता दें कि यहां पर करीब 120 मीटर सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। सड़क को आवागमन के लिए सुचारू करने में दो–तीन दिन का समय लग सकता है। सड़क बंद होने से धारचूला और गुंजी में तीन सौ से अधिक यात्री फंस गए हैं। बार–बार सड़क बाधित होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# सीएम ने किया चम्पावत में गुरुद्वारा रीठा साहिब में जोड़ मेले का शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चम्पावत में सिखों के प्रमुख तीर्थ स्थल गुरुद्वारा रीठा साहिब में जोड़ मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री के रीठा साहिब पहुचने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने रीठा साहिब गुरुद्वारा दरबार मे मत्था टेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री ने रीठा साहिब में आयोजित जोड़ मेले की सभी को लख–लख बधाइयां देते हुए कहा की मेरी प्रार्थना है कि यह मेला सभी के जीवन में नव तरंग, नव उमंग और नवसृजन लेकर आए। उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे आज मुख्य सेवक के रूप में रीठा साहिब जैसे पवित्र स्थल पर अरदास करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में कहा गया है कि जितने बैसन साध जन, सो थान सुहन्दा अर्थात जहाँ महापुरुषों के चरण पड़ते हैं वह स्थान तीर्थ बन जाता है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, बताया जाता है कि वर्ष 1501 में गुरु नानक देव जी अपने शिष्य मरदाना के साथ रीठा साहिब आए तो इस दौरान उनकी मुलाकात सिद्ध मंडली महंत गुरु गोरखनाथ के शिष्य ढेरनाथ से हुई। जब गुरु नानक जी महाराज और ढेरनाथ के बीच लंबा संवाद चल रहा था, तभी शिष्य मरदाना को भूख लगी। जब भोजन ना मिला तो फिर निराश होकर गुरु नानक देव के पास पहुंचा। गुरु नानक देव जी ने शिष्य के सामने रीठे के पेड़ को छूकर खाने का आदेश दिया। रीठा कड़वा होता है, जानकर भी मरदाना ने गुरु के आदेश का पालन करते हुए जैसे ही एक रीठे को खाया, रीठे के फल को मीठा पाया। तब से इस स्थान का नाम रीठा साहिब पड़ गया और तभी से यहां पर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भी मीठा रीठा बांटा जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रीठा साहिब ऐसा दिव्य स्थान है जहां गुरुनानक देव जी ने सत्संग कर कड़वे रीठे में मिठास भर कर दुनिया को प्रेम, सेवा व समर्पण का संदेश दिया था। जैसी अनुभूति आप सभी को कार सेवा के समय होती है, वैसी ही अनुभूति आज मुझे 'जोड़ मेले' में आप सबके बीच उपस्थित होकर हो रही है। उन्होंने कहा कि आज इस पवित्र अवसर पर आप सभी लोगों के द्वारा मुझे दिया गया सम्मान मेरे लिए महज सम्मान नहीं, बल्कि हमारी सांझी संस्कृति के तेज, त्याग और तपस्या का प्रसाद है, यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि प्रदेश की समस्त जनता का सम्मान है। उन्होंने कहा कि मैं आज इस सम्मान को, इस गौरव को गुरु नानक देव जी के चरणों में समर्पित करता हूँ एवं गुरुनानक साहब जी के चरणों में नमन करते हुए नम्रतापूर्वक यही प्रार्थना करता हूँ कि मेरे भीतर का सेवाभाव दिनों दिन बढ़ता रहे और उनका



आशीर्वाद ऐसे ही मुझ पर तथा प्रदेश की सवा करोड़ जनता पर बना रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के मेले हमारी लोक संस्कृति और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने का काम करते हैं। पहले जब संचार और परिवहन की सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, तो इन मेलों और त्यौहारों के द्वारा ही मित्रों और सगे–संबंधियों से मुलाकात संभव हो पाती थी। गुरुनानक देव जी की शिक्षाओं में 'इक ओंकार सत नाम' का मूल मंत्र गहन प्रेरणा देने वाला है। भलाई के मार्ग पर चलने के साथ–साथ करुणा, न्याय और समानता की भावना को प्रदर्शित करने वाली उनकी शिक्षाएं सारी मानव जाति का मार्गदर्शन करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी के 'नाम जपो, कीरत करो' के संदेश में उनकी सभी शिक्षाओं का सार है। उनकी पवित्र शिक्षाएं समस्त मानवजाति के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं तथा समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज के पवित्र उपदेश बंधुता और सौहार्द की भावना के साथ ही हमें जीवन को सकारात्मक रूप से जीने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को आत्मसम्मान पर आधारित जीवन जीने का बोध कराया है तथा भारतीय समाज और संस्कृति को एक नयी ऊर्जा और चेतना दी। उनका आध्यात्मिक दर्शन व्यक्ति को सेवा भाव के लिए प्रेरित करने वाला है। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी की ऐसी पवित्र शिक्षाओं के प्रचार और प्रसार के लिए उत्तराखण्ड की धरती समर्पित है। देवभूमि उत्तराखण्ड की यह पवित्र धरती गुरु परम्परा की समृद्ध थाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु नानक देव जी के इस चमत्कारिक शक्ति केन्द्र रीठा साहिब के अलावा गुरु गोविंद सिंह जी की दिव्य तपस्थली हेमकुंट साहिब, नानकमत्ता साहिब और गुरु परम्परा के अनेक पवित्र स्थल इस उत्तराखण्ड की धरती पर गुरु महाराज की शिक्षाओं का प्रचार–प्रसार कर रहे हैं। उत्तराखण्ड में स्थित इन पवित्र सिक्ख तीर्थ स्थानों पर मत्था टेकने की हर संगत की आस होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय में स्थित गुरुओं के पावन द्वार हेमकुंट साहिब की यात्रा का संकल्प लेकर भी अनेक स्थानों से हर साल बड़ी संख्या में संगत हेमकुंट साहिब की यात्रा पर उत्तर-ाखण्ड आती है। उन्होंने कहा कि पहले हेमकुंट साहिब की यह यात्रा कठिन लगती थी पर अब पहाड़ों पर सड़कों के विस्तार हो जाने से सुविधाजनक हो गयी है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हेमकुंट साहिब तक रोपवे का निर्माण किया जा रहा हैं। अब दुनियाभर से सिक्ख श्रद्धालु हेमकुंट साहिब के दर्शन सुविधापूर्वक कर पायेंगे। यह प्रधानमंत्री जी के ही कुशल नेतृत्व का प्रतिफल है कि आज करतारपुर कॉरिडोर प्रारंभ करने जैसा कठिन कार्य पूर्ण हो पाया और सिख समाज की जो वर्षों पुरानी मुराद थी वो पूरी हो पाई।

## आईएमए ग्रेजुएशन सेरेमनीः होनहारों को मिला काबिलियत का इनाम

**देहरादून।** आर्मी कैडेट कालेज (एसीसी) के 38 युवा ग्रेजुएट होकर भारतीय सैन्य अकादमी की मुख्यधारा में शामिल हो गए। शुक्रवार को अकादमी के चेटवुड सभागार में आयोजित एसीसी के 121 वें दीक्षा समारोह में इन कैडेट को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय की डिग्री प्रदान की गई। 12 कैडेट विज्ञान और 26 कैडेट कला वर्ग के हैं।

अकादमी के कमांडेंट ले. जनरल विजय कुमार मिश्रा ने कैडेट को डिग्री दी। आईएमए में आगे एक साल का प्रशिक्षण लेकर यह कैडेट बतौर लेफ्टिनेंट सेना में शामिल होंगे। कमांडेंट ने अफसर बनने की राह पर अग्रसर इन कैडेट के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कैडेट को याद दिलाया कि एसीसी ने देश को बड़ी संख्या में ऐसे जांबाज अफसर दिए हैं। जिन्होंने अपनी क्षमता के बलबूते कई वीरता पदक जीते। जिनमें न केवल आईएमए का प्रतिष्ठित स्वार्ड आफ आनर बल्कि असाधारण साहस व बलिदान के लिए मिलने वाले परमवीर चक्रव अशोक चक्रजैसे वीरता पदक भी शामिल हैं। एसीसी के कई कैडेट सेना में उच्च पदों पर आसीन हुए हैं। उन्होंने कहा कि उपाधि पाने वाले कैडेट की जिंदगी का यह एक अहम पड़ाव है। देश की आन, बान और शान बनाए रखने की जिम्मेदारी अब उनके हाथों में होगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट को बधाई देते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। इससे पहले एसीसी के प्रधानाचार्य डा. नवीन कुमार ने कालेज की प्रगति रिपोर्ट पेश की।



### इन्हें मिला पुरस्कार

**चीफ आफ आर्मी स्टाफ मेडल**
स्वर्ण– आकाश राणा
रजत– सूर्य तिवारी
कांस्य– अजीत शर्मी
कमांडेंट सिल्वर मेडल
सर्विस ट्रेनिंग– मोहित कापड़ी
कला–आकाश राणा
विज्ञान– सूर्य तिवारी

## राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को बताया धर्मनिरपेक्ष पार्टी

**वाशिंगटन , एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आजकल अमेरिका की यात्रा पर है। उनकी यात्रा शुरू होते ही भारत की राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। आरोप–प्रत्यारोप का खेल शुरू हो चुका है। इसी क्रम में, वॉशिंगटन में राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष करार दिया। इस पर भाजपा ने उन्हें आड़े हाथ ले लिया है।

दरअसल, अमेरिका के प्रेस क्लब में जब राहुल गांधी से पूछा गया कि आपका केरल में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (क्मटछ) से गठबंधन है? तो इसके जवाब में गांधी ने कहा कि मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। मुस्लिम लीग के बारे में कुछ भी गैर–धर्मनिरपेक्ष नहीं है। बता दें, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग केरल की एक पार्टी है। वह कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ की पारंपरिक सहयोगी है।

अमेरिका में दिए गए बयान को लेकर भारत में सियासी बवाल मचा हुआ है। भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं।

## बीमार पत्नी से मिलने की इजाजतः मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के कथित शराब घोटाले में एऊ की ओर से दर्ज केस में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की नियमित जमानत अर्जी पर दिल्ली हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने सिसोदिया को कल कुछ घंटे के लिए अंतरिम राहत दी है। लिहाजा वह कल सुबह 10 से शाम 5 बजे तक पुलिस हिरासत में अपनी पत्नी से मिल सकेंगे।

कोर्ट ने शर्त रखी कि सिसोदिया अंतरिम जमानत के दौरान मीडिया से बात नहीं करेंगे। परिवार के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे। मोबाइल और इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। बता दें कि सिसोदिया ने पत्नी की खराब सेहत का हवाला देते हुए 6 हफ्ते की अंतरिम जमानत की मांग की थी। लेकिन एऊ ने अंतरिम ज़मानत अर्जी का विरोध किया था।

ईडी ने कहा था कि कुछ दिन पहले ही वो अंतरिम जमानत की अर्जी को वापस ले चुके हैं। अब फिर से उसी आधार पर अंतरिम जमानत मांग रहे हैं। जांच एजेंसी की ओर से कहा गया कि सिसोदिया पुलिस की मौजदूगी में पत्नी से मुलाकात कर सकते हैं।

दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को आबकारी नीति मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया और तीन अन्य आरोपियों को आरोप पत्र और पूरक आरोपपत्र सहित दस्तावेजों की प्रतियां मुहैया कराने को कहा। अन्य तीन आरोपी हैदराबाद के चार्टर्ड अकाउंटेंट बुच्ची बाबू गोरंटला, शराब कारोबारी अमनदीप सिंह ढाल और निजी व्यक्ति अर्जुन पांडेय हैं।

विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उनके समक्ष पेश किए जाने पर यह निर्देश दिया क्योंकि अदालत ने 27 मई को मामले में सीबीआई द्वारा दायर एक पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान लेने के बाद उन्हें समन जारी किया था। अदालत ने मामले की आगे की कार्यवाही के लिए छह जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। 51 वर्षीय सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी को दिल्ली आबकारी नीति 2021–22 के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में गिरफ्तार किया था।

## वंदे भारतः अश्विनी वैष्णव बोले– जून तक सभी राज्यों में पहुंचेगी ट्रेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनें जून तक सभी राज्यों को कवर करना शुरू करेंगी। अगले साल के मध्य तक 200 शहरों को वंदे भारत से जोड़ने का हमारा लक्ष्य है।केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा,सभी राज्यों में जून तक वंदे भारत ट्रेन पहुंच जाएगी। अगले साल के मध्य तक 200 शहरों को वंदे भारत से जोड़ने का लक्ष्य है। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए तेजी से काम चल रहा है।अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत की 'वंदे भारत ट्रेन' विश्वस्तरीय ट्रेन बनी, जो 160–180 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है। विश्व में सिर्फ 8 देशों के पास ऐसी क्षमता है, जो ऐसी ट्रेनों का निर्माण कर सकते हैं।इस बीच, उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2004 से 2014 का दशक भारत के लिए एक खोया हुआ दशक रहा।

# एनएच चौड़ीकरण के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें : डीएम

## लंबित प्रकरणों की समीक्षा में डीएम ने एनएच अधिकारियों को दिए निर्देश



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को एनटीपीसी, टीएचडीसी, एनएचआईडीसीएल, बीआरओ तथा रेल विकास निगम से संबधित भूमि अधिग्रहण, वन भूमि एवं सिविल भूमि हस्तांतरण, सड़क चौडीकरण के लंबित प्रकरणों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि हस्तांतरण के लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए योजनाओं के अवशेष कार्यों को शीघ्र पूरा करें।

राष्ट्रीय राजमार्ग-07 पर कमेडा से हेलंग तक 54 स्थानों पर सड़क चौडीकरण के शेष कार्यों लेकर जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल को निर्देशित किया कि समय सीमा निर्धारित करते हुए सड़क चौडीकरण कार्यों को शीघ्र पूरा करें। जिन 24 प्रकरणों में प्रतिकर दिया जाना है उनमें प्रतिकर का शीघ्र भुगतान किया जाए। आर्बिट्रेशन वाले लंबित प्रकरणों में दिए गए निर्णयों के अनुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जहां पर कोई समस्या नहीं है वहां पर तत्काल कार्य प्रारंभ करते हुए चौड़ीकरण कार्य पूर्ण करें। रेवेन्यू से संबंधित प्रकरणों में किसी भी सहायता के तहसील से संपर्क किया जा सकता है। जिलाधिकारी ने बीआरओ को सिमली-ग्वालदम मोटर मार्ग विस्तारीकरण हेतु शेष 5 गांवों में जांच सत्यापन का कार्य शीघ्र पूरा कराते हुए प्रारंभिक अधिसूचना शासन को प्रेषित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रभावितों का खाता नंबर लेकर अवशेष प्रतिकर का भुगतान किया जाए। कहा कि बगोली नाला पर नवनिर्मित पुल के निर्माण से प्रभावित भवनों का अधिग्रहण भू-अर्जन अधिनियम के तहत प्रस्ताव उपलब्ध कराएं।

## कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें : ऋतु

नई टिहरी : धनोल्टी विधानसभा क्षेत्र भ्रमण पर पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी का धनोल्टी में पार्टी कार्यकर्ताओं फूल मालाओं और ढोल दमाऊ से जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को भी रखा। शुक्रवार को धनोल्टी पहुंची विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने वन विभाग गेस्ट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश के विकास कार्यों में पूरा सहयोग कर रही है, जिससे प्रदेश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिये कार्य करने को कहा। मंडलध्यक्ष पृथ्वी सिंह रावत, जिपंस सनवीर बेलवाल, मंडल महामंत्री सुनील थपलियाल ने विधानसभा अध्यक्ष को क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय और पॉलिटेक्निक खोलने के साथ क्षेत्र में लंबित विभिन्न सड़कों की स्वीकृति हेतु ज्ञापन भी सौंपा।



## जिस क्षेत्र में दिलचस्पी हो उसी में भविष्य बनाएं

चमोली : राजकीय महाविद्यालय गोपेश्वर के वार्षिक छात्र संघ समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने लोक गीत, नृत्य, समूह गान की शानदार प्रस्तुतियां दीं। लोग गायक दर्शन फर्स्वाण और साथी कलाकारों ने भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शुक्रवार को छात्र संघ समारोह कार्यक्रम में मंच पर प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सबको प्रभावित किया। रंगारंग कार्यक्रम में उत्तराखंड की संस्कृति, गीत, संगीत, विरासत के कार्य मंचित हुये। नन्दा देवी राजजात और गढ़ संस्कृति, कुमाउनी, जौनसार सहित विभिन्न क्षेत्रों के गीत संगीत, नृत्य छात्र-छात्राओं ने मंच पर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बदरीनाथ विधायक राजेंद्र भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी और महाविद्यालय की प्राचार्य रचना नौटियाल ने किया। विधायक राजेंद्र भंडारी ने कहा कि जिस क्षेत्र में अधिक दिलचस्पी हो, उसी में करियर बनाना चाहिए। पूरी तत्परता के साथ लक्ष्य को हासिल करना चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष रजनी भंडारी ने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए छात्र-छात्राओं को रचनात्मक पहल करनी चाहिए। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष अंशुल भंडारी, महासचिव नितिन नेगी, वीवी प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह समेत छात्र संघ के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिला पहलवानों के समर्थन में उतरी महिला कांग्रेस



ऋषिकेश। दिल्ली में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलनरत महिला पहलवानों के समर्थन में राज्य की महिला कांग्रेस भी उतर आई है। पार्टी ने पहलवानों का न्याय नहीं मिलने पर पांच दिन बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की चेतावनी दी है। शुक्रवार को महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी ने प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि देश का दुनियाभर में सिर ऊंचा करने वाली महिला पहलवान करीब चार महीने से धरने पर हैं। उनकी एक अदद मांग है कि भाजपा सांसद बृजभूषण की गिरफ्तारी कर उन्हें सख्त सजा दी जाए। बावजूद, केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा कि सरकार जल्द महिला पहलवानों के साथ इंसाफ नहीं करती है, तो प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की अगुवाई में पांच दिन बाद सीएम आवास का घेराव किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष नीलम तिवारी ने कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से जुड़ा मारपीट का मामला भी उठाया। उन्होंने स्थानीय युवक के साथ मारपीट में भी न्याय की मांग दोहराई। बताया कि सीएम आवास घेराव के दौरान यह मुद्दा भी उठाया जाएगा।

## चोरी के सामान के साथ आरोपी गिरफ्तार

नई टिहरी : पुलिस ने एक घर से चोरी करने के आरोपी को गहनों के साथ गिरफ्तार किया है। नई टिहरी थाना अंतर्गत बौराड़ी सेक्टर 7 बी निवासी इमराना पत्नी इशाक ने बीती रात को घर से जेवर चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुकदमा दर्ज करने के बाद एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर चोरी के इस मामले में तेजी से कार्यवाही शुरू की। मामले में गठित टीम ने छानबीन शुरू की। पूर्व में चोरी के मामलों में आरोपियों से गहन-पूछताछ की।

## मिडडे मील में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए : सीडीओ



रुद्रप्रयाग : जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतर्गत शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन सभागार में समीक्षा करते हुए मुख्य शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विद्याार्थियों को उपलब्ध कराए जाने वाला मिडडे मील पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त हो इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा जिन विद्यालयों में किचन मरम्मत कार्य किया जाना है उसमें भी उचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जो भी कार्य पूर्ण किए गए हैं उन कार्यों की फोटोग्राफ्स उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी ने जिला योजना के अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत भवन निर्माण, शिक्षा का अधिकार, बालिका शिक्षा आदि योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसमें समग्र शिक्षा के तहत 7 प्राथमिक विद्यालयों में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिनमें एक कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 6 में कार्य गतिमान पर है। उन्होंने कहा कि जिला योजना के अंतर्गत शिक्षा विभाग 1 करोड़ 60 लाख की धनराशि वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुमोदित की गई थी, जिसमें नवीन कार्यों के लिए 1 करोड़ 16 लाख 59 हजार की धनराशि अनुमोदित की, अपूर्ण एवं चालू कार्यों के लिए 43.41 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है, जिसमें अपूर्ण चालू कार्यों में 7 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 8 नवीन कार्यों हेतु टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है, जिसमें कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना जिसमें जनपद के कुल 781 स्कूलों में मिडडे मील उपलब्ध कराया जा रहा है।

## एक नजर

### उत्तराखंड की संस्कृति का प्रतीक है देवडोली: डॉ. नेगी

ऋषिकेश। हरिपुरकला में श्री घंटाकर्ण देवता और भगवान सेमनागराज की डोली के आगमन पर क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। शुक्रवार को हरिपुरकला में पहुंची श्री घंटाकर्ण देवता एवं भगवान सेमनागराज की डोली का लोगों ने ढोल दमाऊं की थाप के साथ श्री घंटाकर्ण देवता एवं भगवान सेमनागराज और माता भुवनेश्वरी के जयकारे लगाए। देव डोली के उपासक आचार्य प्रवीन बिजल्वाण ने भक्तों को आशीर्वाद के रूप में प्रसाद भेंट किया। इस दौरान घंटाकर्ण देवता के उपासक आचार्य प्रवीन बिजल्वाण का अंतरराष्ट्रीय गढ़वाल महासभा से जुड़े पदाधिकारियों और भक्तों ने माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ाकर कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। महासभा के अध्यक्ष डॉ. राजे नेगी ने कहा कि उत्तराखंड की लोक संस्कृति अपने आप में अनूठी है। देव डोली की परंपरा इस संस्कृति का एक अहम हिस्सा है, जो आस्था और विश्वास के साथ सदियों से यहां के समाज को आपस में जोड़े हुए हैं। मौके पर आचार्य तेजराम बधानी, आचार्य महेश सेमवाल, आचार्य द्वारिका प्रसाद भट्ट, प्रेम सिंह नेगी, कृष्णा पंडित, मनमोहन नेगी, अजय रावत, राजवीर सिंह रावत, संजय नेगी, फतेह सिंह समेत आदि उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने आवागमन रूट और आयोजन स्थल से अतिक्रमण हटाया

ऋषिकेश। त्रिवेणीघाट पर जी 20 गंगा आरती को लेकर प्रशासन ने आवागमन रूट और आयोजन स्थल से अतिक्रमण हटाया शुरू कर दिया है। पहले दिन घाट से चार खोखे हटाए गए। सड़क की घेरबाड़ करने वालों पर भी कार्रवाई हुई। इस दौरान अतिक्रमणकारियों में हड़कंप की स्थिति नजर आई। शुक्रवार को तहसीलदार अमृता शर्मा की अगुवाई में नगर निगम के अधिकारी त्रिवेणीघाट पहुंचे। चार खोखों को हटाते हुए घाट तक जाने वाली सड़क पर भी कब्जा जमाए दर्जनभर अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात रहा।

## पुलिस के हस्तक्षेप से कण्डी वाले के मंसूबों पर फिरा पानी



रुद्रप्रयाग : वर्तमान समय में केदारनाथ धाम यात्रा पर देश के अलग-अलग कोनों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, आने वाले श्रद्धालुओं को केदारनाथ धाम तक पहुंचाने के लिए घोड़े वाले, कण्डी वाले भी यहां पर हैं। अब किसी के मन मे किसी अच्छी सी चीज को देखकर लालच आ जाये तो क्या किया जा सकता है फिर।

एसा ही एक वाकया केदारनाथ में घटित हुआ। हिमाचल प्रदेश की रहने वाली श्रद्धालु मनीषा ठाकुर जो कि कण्डी की मदद से गौरीकुण्ड से केदारनाथ पहुंची थी, और इनका फोन कण्डी में ही रह गया था। इनके द्वारा अपने फोन को अपने स्तर से काफी ढूंढा पर मिला ही नहीं, मिलता भी कैसे, क्योंकि कण्डी वाले का मन इसमें रच बस गया था और उसके मन में खोट आ गया था। इन श्रद्धालु को भी यही अंदेशा था कि उनका आईफोन खोया नहीं है बल्कि इस कण्डी वाले ने ही रख लिया है।

नई और अन्जान जगह, उससे ज्यादा बहस भी नहीं कर सकती थी। ऐसे में उसे केदारनाथ धाम में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों में मदद की किरण नजर आयी, उनके द्वारा अपनी परेशानी फायरमैन भरत भण्डारी को बतायी। मामला एक आईफोन के किसी के रख लेने का नहीं बल्कि केदारनाथ में काम कर रहे लोगों की प्रतिष्ठा का भी था। इस समस्या को फायरमैन भरत भण्डारी ने अपने सहकर्मियों से साझा किया। जिस हिसाब से श्रद्धालु ने अपनी समस्या रखी थी, उसके अनुसार मामला चोरी का बन रहा था, इनके द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए हैलीपैड ड्यूटी इंचार्ज उप निरीक्षक सतीश चन्द्र शाह से वार्ता की गयी।

## ऑटो पलटने से चार लोग जख्मी

ऋषिकेश। हरिद्वार बाईपास मार्ग पर एक बुजुर्ग को बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गया। इस दौरान बुजुर्ग के साथ ही ऑटो में सवार राजस्थान की तीन महिला यात्री भी जख्मी हो गई। घायलों को आसपास के लोगों ने निजी वाहन से सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाली पुलिस के मुताबिक हरिद्वार बाईपास मार्ग स्थित योगनगरी रेलवे स्टेशन से एक ऑटो सवारियां लेकर निकला। मार्ग पर अचानक गोपाल, निवासी नेहरूग्राम ऋषिकेश ऑटो के सामने आ गए।

उन्हें बचाने के चक्कर में ऑटो पलट गया। जिसकी चपेट में आकर गोपाल गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## छह दिवसीय योग थैरेपी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

देहरादून। डोईवाला क्षेत्र में स्थित हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट में छह दिवसीय योग थैरेपी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में आने वाले रोगियों के लिए पंजीकरण व स्वास्थ्य परामर्श पूरी तरह निशुल्क है। अब तक करीब 150 से ज्यादा रोगी शिविर का लाभ ले चुके हैं। कल शनिवार दो जून को निशुल्क शिविर का आखिरी दिन है।

हिमालयन स्कूल ऑफ योगा साइंसेज (एचएसवाईएस) के प्रिसिंपल डॉ.अजय दूबे ने बताया कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है, इसी कड़ी में हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रांट की योगा ओपीडी में 29 मई से छह (06) दिवसीय विशेष योग स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का समय सुबह 8:30 से शाम 4:30 बजे तक रहेगा। विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से संबंधित करीब 150 से ज्यादा रोगी शिविर में परामर्श के लिए पहुंचे।डॉ.अजय दूबे ने बताया कि योगा ओपीडी में आए रोगियों को जरुरत के मुताबिक हिमालयन हॉस्पिटल के कंबाइंड थैरेपी सेंटर में भी स्वास्थ्य उपचार दिया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी के लिए 01352471137, 8871138001 पर संपर्क कर सकते हैं। शिविर का तीन जून कोआखिर दिन है। सर्वाइकल, फ्रोजन शोल्डर, गर्दन दर्द, कंधे व घुटने में दर्द, कमर में दर्द, स्लिप डिस्क, साइटिका, टखना (एंकल) के जोड़ों में दर्द व अन्य जोड़ों से संबंधित समस्या।

## समान नागरिक संहिता पर बेसिक कंसल्टेशन का कार्य हो चुकाः रंजना



देहरादून। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने शुक्रवार को विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) श्री ऋतुराज अवस्थी से उत्तराखंड सदन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की मीडिया से अनौपचारिक संवाद के दौरान यूसीसी की अध्यक्ष श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने जानकारी दी कि उन्होंने आज उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता के संबंध में अभी तक हुए कार्य की सामान्य जानकारी राष्ट्रीय विधि आयोग के अध्यक्ष के साथ सांझा की श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने बताया कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता पर अभी तक बेसिक कंसल्टेशन का कार्य हो चुका है यूसीसी पर काफी काम किया जा चुका है राज्य में समान नागरिक संहिता के सभी हितधारकों से चर्चा की जा चुकी है यूसीसी की उप समितियों ने विभिन्न धर्मो, समुदायों, हितधारको तथा वर्गों से इस संबंध में विचार विमर्श किया है सभी राजनीतिक दलों के साथ भी इस संबंध में बैठक कर ली गई है तथा उनके सुझाव प्राप्त कर लिए गए हैं श्रीमती रंजना प्रकाश देसाई ने कहा कि हमारी अपेक्षा है यूसीसी पर बनाया गया हमारा ड्राफ्ट सभी को पसंद आऐ यूसीसी पर अभी हमारी बैठके निरंतर जारी हैं

## हाथ की नस काट युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

ऋषिकेश। बापूग्राम में एक युवक ने आत्महत्या का प्रयास करते हुए हाथ की नस काट ली। परिजनों ने उसे जख्मी हालत में सरकारी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल युवक की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक युवक की पहचान राहुल (28) पुत्र अमरजीत, निवासी गली नंबर दो, बापूग्राम, ऋषिकेश के रूप में हुई है।

प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे बताया कि आत्महत्या के प्रयास से जुड़े मामले में फिलहाल राहुल ने पूछताछ में कुछ भी कहने से इनकार दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विरोध की राजनीति के चलते देश और प्रदेश का अपमान कर रहे है राहुलः भट्ट

देहरादून। भाजपा ने कहा कि राजनैतिक लाभ के मोह और तुष्टिकरण की नीति के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर आरोप लगाते हुए देश के साथ प्रदेश का भी अपमान कर रहे है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट ने कहा कहा कि जिस तरह प्रदेश कांग्रेस देवभूमि की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं डेमोग्राफिक पहचाने से जुड़े सरकार के कार्यों का विरोध करते हुए देश मे राज्य की छवि खराब करने का प्रयास कर रही है, ठीक इसी तरह देश की छवि खराब करने की कोशिश उनके नेता विदेश दौरे पर कर रहे हैं । उन्होंने राहुल गांधी द्वारा राष्ट्र अपमान एवं मुस्लिम लीग को धर्मनिरपेक्ष बताने व अल्पसंख्यकों की असुरक्षा को लेकर दिए बयानों की कड़ी आलोचना की है । उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि उन्हें एक पूरे समाज के अपमान का दोषी साबित होने पर न्यायालय द्वारा पूरी प्रक्रिया के तहत सजा दी गई थी, लेकिन अब जिस तरह की बयानबाजी वह विदेशी धरती पर कर रहे हैं वह सरासर न्यायिक प्रक्रिया का अपमान है। उनका अल्पसंख्यक तुष्टीकरण का एजेंडा इसी बात से प्रमाणित होता है कि उन्हें जिन्ना की मुस्लिम लीग पार्टी धर्मनिरपेक्ष और सनातनी कार्य करने वाली संस्थाएं संप्रदायिक नजर आती हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी और उनके नेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता और देश की तरक्की से इर्ष्या रखते हैं । जिसके कारण वह देश में नफरत का एजेंडा चला रहे हैं ।अफसोस है कि उनकी सैन फ्रांसिस्को की सभा में खालिस्तानी समर्थकों ने जमकर भारत विरोधी नारेबाजी की, लेकिन वह एक भी शब्द उनके खिलाफ नहीं बोले। लेकिन उसी सभा मे उन्होंने मोदी विरोध के चलते देश की लोकतांत्रिक संवैधानिक एवं न्यायिक प्रक्रिया पर जमकर झूठे आरोप लगाये।

## जल संस्थान ने किये यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक पेयजल के पुख्ता इंतजाम



रुद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों एवं यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों को किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या न हो इसके लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जल संस्थान द्वारा यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक पेयजल की बेहतर व्यवस्था की जा रही है।

अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश पिल्लई ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों एवं संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों को पेयजल की समस्या न हो इसके लिए विभाग द्वारा यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक पेयजल व्यवस्था के पुख्ते इंतजाम किए गए हैं जिसके लिए कार्मिकों की तैनाती की गई है। पेयजल लाईन बाधित होने पर तत्परता से पेयजल सुचारू करने के लिए कार्य किया जा रहा है, जिससे कि किसी भी यात्री एवं घोड़े-खच्चरों को पेयजल की समस्या न होने पाए। उन्होंने बताया कि यात्रा मार्ग में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चरों के लिए गौरीकुंड से लेकर केदारनाथ घोड़ा पड़ाव तक 39 चहरियां बनाई गई हैं, जिसमें 24 चहरियों में गरम पानी की व्यवस्था की गई है, जिनकी कार्मिकों द्वारा निरंतर निगरानी भी की जा रही है। इसके साथ ही केदारनाथ दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों के लिए पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए गौरीकुंड से केदारनाथ तक 44 पिलर वाले स्टैंड पोस्ट बनाए गए हैं तथा 5 टंकी वाले स्टैंड पोस्ट संचालित हो रहे हैं। इसके अलावा सीतापुर से केदारनाथ तक 20 स्टील स्टैंड पोस्ट लगाए गए हैं। 04 वाटर आरओ केदारनाथ में, 01 गौरीकुंड में, 03 सोनप्रयाग, 01 सीतापुर में लगाया गया है। इसके साथ ही जल निगम हरिद्वार द्वारा 03 एटीएम आरओ लगाए गए हैं, जिनमें 01 सीतापुर, 01 सोनप्रयाग तथा 01 गौरीकुंड तत्पकुंड के पास लगाया गया है।

उन्होंने बताया कि जनपद के यात्रा मार्ग सिरोहबगड़ से लेकर सोनप्रयाग तक 44 टैंक वाले स्टैंड पोस्ट, 131 पिलर टाइप स्टैंड पोस्ट तथा 164 हैंडपंप संचालित हो रहे हैं जिनके माध्यम से केदारनाथ धाम दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। (एजेंसी)

# अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति, सड़क पर सजी दुकानें

## अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल रेहड़ी-ठेली तक सिमटा अभियान , बड़े व्यापारियों ने सड़क किनारे नाली के बाहर तक सजाई हैं दुकानें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** भले सरकारी सिस्टम शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के दावे करता हो। लेकिन, हकीकत यह है कि अतिक्रमण के नाम पर नगर निगम व पुलिस को केवल रेहड़ी-ठेली वाले ही नजर आते हैं। जबकि, अधिकांश बड़े व्यापारियों ने सड़क किनारे नाली के बाहर तक अपनी दुकानें सजाई हुई हैं। सबसे बुरी स्थिति स्टेशन रोड पर बनी हुई है। अतिक्रमण के कारण सड़क पर पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में अतिक्रमण नासूर बनता जा रहा है। अभियान के नाम पर नगर निगम व पुलिस केवल रेहड़ी-ठेलियों तक ही सिमटकर रह गई है। सड़क किनारे नाली के बाहर तक सजी बड़े व्यापारियों की दुकानों को देखने के बाद भी सरकारी सिस्टम कार्रवाई नहीं करता। नतीजा इस अतिक्रमण के कारण शहर की यातायात व्यवस्था लगातार बेपटरी होती जा रही है। सबसे बुरी स्थिति स्टेशन रोड में बनी रहती है। अतिक्रमण के कारण घंटों यात्री वाहन जाम में फंसे रहते हैं।

नजीबाबाद रोड निवासी राकेश शर्मा, मोहन नेगी ने बताया कि स्टेशन रोड के जाम में फंसे वाहन चालक यदि व्यापारियों से सामान हटाने को कहते हैं तो वह लड़ने को तैयार हो जाते हैं। पूर्व में क्षेत्रवासी जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष समस्या को रख चुके हैं। लेकिन, आश्वासन के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

### धूप में रूला रहा जाम

अतिक्रमण के कारण शहर में यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। स्टेशन रोड, देवी रोड, गंगादत्त जोशी मार्ग, देवी रोड में जाम की स्थिति बनी रहती है। दोपहिया वाहन चालकों को घंटों धूप में खड़े रहकर जाम खुलने का इंतजार करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस व नगर निगम से अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती से अभियान चलाने की मांग की है।



कोटद्वार के स्टेशन रोड में सड़क पर सजी दुकानों के कारण लगा वाहनों का जाम

## सिद्धबली अकादमी व बाल भारती ब्वायज पहुंचे फाइनल में

**कोटद्वार :** शहीद मुकेश बिष्ट खेल अकादमी व फुटबाल संघ की ओर से आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सिद्धबली अकादमी व बाल भारती के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में दस से अधिक टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला जनता इंटर कालेज मोटाढांक में खेला गया। पहला सेमीफाइनल मुकाबला बाल भारती ब्वायज व जोसेफाइट्स के बीच खेला गया, जिसमें बाल भारती ब्यावज ने जोसेफाइट्स को 3-1 से पराजित किया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सिद्धबली अकादमी ने कण्व वैली फुटबाल क्लब को 4-0 से हराया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को सुबह दस बजे खेला जाएगा। इस मौके पर फुटबाल कोच विकास सिंह रावत, हरेंद्र रावत, डा. विनोद सिलोरी, जगमोहन नेगी आदि मौजूद रहे।

## देश की पहलवान बेटियों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त

**कोटद्वार :** महिला कांग्रेस कमेटी ने पहलवान बेटियों का शोषण करने वाले भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती फेडरेशन के अध्यक्ष बृजभूषण शरण को गिरफ्तार करने की मांग की है। कहा कि बेटियों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष रश्मि पटवाल ने कहा कि सांसद बेटियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। न्याय की मांग को लेकर पहलवान बेटियां पिछले चार माह से लगातार संघर्ष कर रही है। बावजूद इसके सरकार आरोपित बृजभूषण शरण को गिरफ्तार नहीं कर रही। बेटियों के आंदोलन को दबाने के लिए सरकार पुलिस का सहारा ले रही है। कहा कि देश में पहलवान बेटियों का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्द ही आरोपित बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो कांग्रेस जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेगी।

## रिखणीखाल प्रवासी सम्मेलन चार जून को

**कोटद्वार :** कोटद्वार व अन्य शहरों में रह रहे प्रवासी रिखणीखाल वासियों का सम्मेलन कोटद्वार में 4 जून को आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक अमित नेगी ने बताया कि भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित एक बारातघर में आयोजित होने वाले सम्मेलन में प्रशासनिक, कला, साहित्य, स्वरोजगार और अन्य क्षेत्रों में अग्रणी रहने वाले रिखणीखाल वासियों को सम्मानित किया जायेगा। सम्मेलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित रिखणीखाल के पहाड़ी भोजन का आयोजन भी होगा।

## निजी भूमि पर विद्युत लाइन बिछाने पर भू-स्वामी नाराज

**श्रीनगर गढ़वाल :** निजी भूमि पर ऊर्जा निगम द्वारा विद्युत लाइन बिछाने पर भू-स्वामी ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस संदर्भ में न्यू मढ़ी चौरास निवासी भरोषी देवी ने गढ़वाल सासंद तीरथ सिंह रावत को दिए ज्ञापन में कहा कि ग्राम नैथाणा मल्लल्ला में मेरी भूमि पर विद्युत विभाग ने बिना बताए ही विद्युत लाइनें बिछाई गई है। जिससे भूमि की उपयोगिता पूर्ण रूप से खत्म हो गई है। विद्युत लाइनों को स्थानान्तरित करने को लेकर विद्युत विभाग को आवेदन किया गया था। जिस पर विभाग द्वारा आगणन करने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने भूमि से विद्युत लाइन को हटाने और सांसद निधि से उपरोक्त विद्युत लाइनों का आगणानुसार 30 प्रतिशत धनराशि प्रदान करने की स्वीकृत प्रदान करने की मांग की है। इस मामले में सांसद तीरथ सिंह रावत ने ऊर्जा निगम के ईई को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। (एजेंसी)

# पत्थरों में आर्ट बनाने के सिखाए गुर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** राजकीय इंटर कालेज में चल रहे समर कैंप में शुक्रवार को बच्चों को पत्थर में की जाने वाली अलग-अलग आर्ट के बारे में समझाया गया।

नगर निगम के शिवपुर निवासी मेघना मैंदोला ने बच्चों को छोटे पत्थर में किस तरीके से रंग कर उसे खूबसूरत बनाने पर प्रैक्टिकल कर बताया।

रंग के प्रकार और ब्रश के साइज को समझने के बाद स्कूल परिसर में पड़े एक पत्थर पर खूबसूरत कलाकृति उकेर कर उन्होंने बच्चों को स्वयं को अभिव्यक्त करने की इस विधा का ज्ञान दिया। इस पर शिक्षक व कैंप संचालक संतोष सिंह नेगी ने मेघना मैंदोला का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षक अनूप नेगी, सुनीता शाह, भारत सिंह और रजनी देवी मौजूद रहे।



राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में बच्चों को आर्ट के बारे में बताती मेघना मैंदोला ।

# ग्राम ओडलछोटा में विभिन्न योजनाओं का हुआ लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा की ओर से ग्राम ओडलछोटा में टिन शैड व बरसाती पानी की निकासी के लिए नाली का लोकापर्ण किया गया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए जल्द ही उनके निराकरण का भी आश्वासन दिया।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि ओडलछोटी के ग्रमीण पिछले कई वर्षों से टिन शैड व बरसाती पानी की निकासी से लिए नाली निर्माण की मांग उठा रहे हैं। ग्रामीणों की समस्या को गंभरीता से लेते हुए उन्होंने जल्द ही कार्य को पूर्ण करवाया है। इसके लिए मनरेगा एवं क्षेत्र पंचायत निधि से धनराशि स्वीकृत की गयी थी। कहा कि वह स्वयं भी इस क्षेत्र से क्षेत्र पंचायत सदस्य है। ऐसे में इनकी क्षेत्र के प्रति जिम्मेदारी अधिक है। वहीं, ग्राम ओडलछोटा पंहुचने पर प्रधान ग्राम पचांयत ओडलबडा, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने प्रमुख राणा का ढोल-दमाउ व फूल मालाओं से स्वागत किया। प्रमुख ने कहा कि मेरी सोच हमेशा विकास के प्रति रही है, हमने विकास किया है आगे भी करेंगे।

इस अवसर पर मान सिंह ग्राम ओडलछोटा द्वारा भण्डारे का आयोजन भी किया गया था।

इस अवसर पर प्रधान संगठन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य कीरत सिंह, राजपाल सिंह बिष्ट, ग्राम समिति अध्यक्ष अर्जुन सिह नेगी, महिला मंगल दल अध्यक्षा सीमा देवी, सरोजनी देवी, गोदाम्बरी देवी, प्रदीप सिंह, कुलदीप सिंह, दिपेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, ताजवर सिंह, मनदीप, खण्ड विकास अधिकारी हरेन्द्र सिंह कोहली, प्रधान ओडलबडा कुसुमलता देवी, प्रधान चमोली गांव अर्जुन सिंह रावत, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र सिंह नेगी सहित विकासखंड के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



ग्राम ओडलछोटी में लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख व अन्य

# प्रथम पुण्यतिथि पर झड़ी देवी को किया याद



नन्दपुर में स्व. झड़ी देवी को श्रद्धांजलि देते सदस्य

**कोटद्वार :** आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानन्द ट्रस्ट की ओर से स्थानीय निवासी व ट्रस्ट की संस्थापक सदस्य स्व. झड़ी देवी रावत को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने बेहतर समाज निर्माण के लिए झड़ी देवी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शुक्रवार को नन्दपुर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सदस्यों ने झड़ी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि बेहतर समाज निर्माण के लिए दिए गए झड़ी देवी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि स्व. झड़ी देवी रावत समता मूलक समाज की समर्थक थी। उन्होंने ट्यूबवेल निर्माण के लिए अपनी भूमि दान दी, जिसका फायदा आम जनता को मिल रहा है। वे लगातार 20 वर्षों तक ग्राम पंचायत नन्दपुर की निर्विरोध पंचायत सदस्य रही। उन्हें वर्ष 2011 में भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा वीरांगना सावित्री बाई फुले नेशनल फेलोशिप अवार्ड से दिल्ली में सम्मानित किया गया था। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महेन्द्र सिंह रावत, संतोष बिंजोला, राजेंद्र सिंह रावत, लक्ष्मी बिष्ट, आशीष रावत, विमला रावत, बचन सिंह गुसाईं व नन्दा रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित, संकल्प के साथ काम करने की दी सीख

### आईएचएमएस कोटद्वार में आयोजित किया गया प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** इन्सटीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी मैनेजमेंट एण्ड सांईन्सेस (आईएचएमएस) कोटद्वार में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का अयोजन किया गया। इस दौरान 30 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों से पुरस्कृत किया गया। समारोह में पुरस्कृत मेधावियों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में कोटद्वार सहित आस-पास के मेधावी विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक शेखर चंद्र सुखल, संस्थान के निदेशक (प्रशासन) कर्नल बीएस गुसांई ने माँ सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एएसपी शेखर चंद्र सुयाल ने सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह से मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये प्रोत्साहित किया।

कहा कि जीवन में सफल होने के लिए, आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है। सफलता के लिए अपने समय का प्रबंधन करना जरूरी है, इसलिए यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो समय प्रबंधन कौशल सीखें। इस अवसर पर संस्थान के एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर अजय राज नेगी ने कहा कि संस्थान के द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाता है। कहा कि आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों का आयोजन संस्थान द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक (प्रशासन) कर्नल बीएस गुसांई, डाइरेक्टर एकेडिमिक सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।



आईएचएमएस कोटद्वार में मेधावी विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए एएसपी शेखर चंद्र सुयाल।

## कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक और सहसंयोजक नियुक्त

पौड़ी : बीजेपी ओबीसी मोर्चा की बैठक में मोर्चा के चार कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए संयोजक और सहसंयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। शुक्रवार को पौड़ी में आयोजित बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश गिरी व जिला प्रभारी चंडीप्रसाद बेलवाल ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया कि मोर्चा को चार कार्यक्रम दिए गए है। जिन्हें सफल बनाना है। जनप्रतिनिधि सम्मेलन के लिए कमलेश पसबोला को संयोजक, सुरेंद्र सिंह रावत को सहसंयोजक, प्रबुद्ध जनसम्मेलन के लिए भगवती प्रसाद को संयोजक, देवानंद पोखरियाल को सहसंयोजक, अति पिछड़ा सम्मेलन के लिए नेत्र सिंह को संयोजक, जयप्रकाश को सहसंयोजक, लाभार्थी सम्मेलन के लिए सरिता लिंगवाल को संयोजक व नीलम कठैत को सहसंयोजक नियुक्त किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सरजीत सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर सिंह नेगी, नेत्र सिंह रावत, जयप्रकाश बिष्ट, मुकेश कुमार, राजेंद सिंह रावत, प्रेमलाल, भक्ति शाह आदि शामिल रहे। बैठक का संचालन संजय पुंडीर ने किया।

# किशोरावस्था के बच्चों पर कार्य करने की आवश्यकता : डीएम

## छोटी-छोटी गलतियों को सुधारने पर विशेष ध्यान दें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने के समय पर छोटी-छोटी गलतियों को कैसे सुधारा जाए, इसके लिए विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि किशोरवस्था के बच्चों पर कार्य करने की आवश्यकता है, इसके प्रति विशेष ध्यान देने को कहा। कहा कि बच्चों के लिए एक ही खेल का चयन करें व उसके लिए बेहतर प्रशिक्षक तैयार करें। जिससे बच्चें अंतराष्ट्रीय स्तर भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेगें।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव की कार्यक्रम सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2022-23 में स्वीकृत योजनाओं के सापेक्ष प्रगति का विवरण व शैक्षिक सत्र 2023-24 हेतु प्रस्तावित कार्यक्रमों पर चर्चा-परिचर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को बाल सखा प्रशिक्षण देने हेतु सही ट्रेनर का चयन करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने मुख्य शिक्षाधिकारी को विषयवार अनुसंधान कार्य करने व उनको परीक्षण कर पुरूस्कार की योजना बनाने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि 10वीं व 12वीं छात्रों को सोशल मीडिया पर प्रकाशित होने वाली अनावश्यक सामग्री से दूर रखने के उपाय, डेटा मैनेजमेंट तथा ऑटिफिशियल इंटेलिजेन्स जैसे विषयों को नवाचार के रूप में शामिल करते हुए युवा पीढ़ी के भविष्य में आने वाली कठिनाईयों को कम किया जा सकता है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चड़ीगांव द्वारा 2022-23 में 52 लाख का बजट अनुमोदित हुआ था, जिसे विभिन्न प्रोग्राम, रिसर्च प्रशिक्षण, टेक्नोलॉजी सपोर्ट, वार्षिक अनुदान सहित अन्य में शतप्रतिशत बजट खर्च किया गया।

वहीं वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तावित बजट 55 लाख 40 हजार रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित बटज में नई गतिविधियों को शामिल करते हुए अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करें।



बैठक को संबोधित करते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

## महाविद्यालय में प्रवेश आवेदन प्रक्रिया शुरू

**कोटद्वार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की 1800 सीटों के लिए समर्थ पोर्टल पर प्रवेश आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो गई है।

कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया गतिमान है। वर्तमान में महाविद्यालय में 4 संकाय हैं, जिसमें कला संकाय के अंतर्गत 12 (संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, चित्रकला एवं संगीत) विषयों में कुल 800 सीटें, विज्ञान संकाय के अंतर्गत 2 ग्रुपों बायो वर्ग व गणित वर्ग में कुल 640 सीटें, वाणिज्य संकाय के अंतर्गत स्नातक स्तर पर 320 सीटें तथा बीए (पत्रकारिता) में पृथक से 40 सीटें स्वीकृत है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 जून है। कहा कि प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राएं समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं प्रवेश आवेदन कर सकते हैं।

## शिविर में122 मरीजों ने कराई जांच

**पौड़ी :** द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल चमोलीसैंण में शुक्रवार से तीन दिवसीय स्त्री रोग जांच शिविर शुरू हो गया है। शिविर के पहले दिन 122 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी विमल भट्ट ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. दीक्षा शर्मा द्वारा मासिक धर्म में अनियमितता या बंद होना, बच्चेदानी की रसौली, अत्यधिक महावारी या अत्यधिक पीड़ा होना व सफेद पानी आना, बार बार गर्भपात होना एवं बांझपन आदि स्त्री रोगों के 122 मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें बच्चेदानी की रसौली, बच्चेदानी के ऑपरेशन के 13 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका अस्पताल में आधुनिक विधि द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं शिविर में डा. कविता ठुकराल द्वारा मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया गया। साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाईयां वितरित की गयी। शिविर रविवार तक चलेगा।

# महिला कांग्रेस ने महिला पहलवानों के लिए की न्याय की मांग

अल्मोड़ा। महिला काँग्रेस जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट ने नगर के एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि विगत चार माह से देश की महिला कुश्ती पहलवान अपनी न्याय की लड़ाई जंतर–मंतर दिल्ली पर लड़ रही हैं। लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का झूठा नारा देकर महिलाओं का यौन शोषण, उत्पीड़न करने जैसे गम्भीर आरोप के आरोपी अपनी पार्टी के सांसद बृजभूषण सिंह को बचाने के लिए हरकदम पर तानाशाही रवैया अपना रही है। पूर्व में महिला काँग्रेस ने महिला कुश्ती पहलवानों के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला देश के सर्वोच्च पद पर बैठी राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म जी को ज्ञापन भेजकर गृह मंत्रालय एंव कानून मंत्रालय को कड़े दिशा–निर्देश देने की माँग कर चुके हैं। लेकिन देश की सत्ता पर बैठी हिटलर मोदी सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। संसद के नए भवन के समक्ष जब



महिला कुश्ती पहलवान अपनी न्याय की माँग करने लगी तो देश के गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर पहलवान बेटियों के आन्दोलन को डर एवं भय दिखाकर कुचलने के प्रयासों की महिला काँग्रेस तीव्र विरोध करती है। उन्होंने कहा महिला काँग्रेस पत्रकार वार्ता के जरिए देश की मोदी सरकार से पहलवान बेटियों के सम्मान में उचित एवं तीव्र न्याय दिलाने और आरोपी कुश्ती संघ अध्यक्ष व भाजपा सांसद को संसद से निष्कासित करके गिरफ्तार करने की माँग करते हैं। उन्होंने कहा महिला काँग्रेस देश की महिला विकास सशक्तिकरण मंत्री स्मृति ईरानी से पूछना चाहती है कि आज आप किसके डर से पहलवान बेटियों के लिए न्याय दिलाने के लिए आगे नहीं आ रही हैं।

## बेटियों के आंदोलन को दबाने की हो रही कोशिश

बागेश्वर। कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष गोपा धपोला ने कहा कि देश की होनहार बेटियां चार माह से जंतर–मंतर पर अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठा रहीं थी। धरना पूरी तरह से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण था। उनके आंदोलन को दबाने की कोशिश की जा रही है। जिस पर कांग्रेस समझौता नहीं करेगी। शुक्रवार को स्थानीय एक होटल पर पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष धपोला ने कहा कि सांसद और कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर बेटियों ने आरोप लगाए हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं हो सकी है। देश की बेटियों की लड़ाई व्यक्तिगत नहीं है। उन्होंने शोषण जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। न्यायालय के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज हो सकी है। उन्होंने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा कि यदि बेटियां असुरक्षित हैं।

## नैनीताल में सैलानियों की भीड़, रेंगते रहे पर्यटक वाहन



नैनीताल। नैनीताल में वीकेंड से पहले ही सैलानियों की भीड़ होने लगी है। शुक्रवार को सुबह से ही नैनीताल में काफी संख्या में पर्यटक पहुंचे। सड़कों पर सैलानियों के वाहनों से जाम लगा रहा। पर्यटक वाहनों की कतारें लगने पर वाहनों को रूसी बाईपास पर रोका गया। दूसरी ओर शहर में वीआईपी मूवमेंट के चलते भी लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

जून के शुरुआत से ही देश के विभिन्न स्थानों से सैलानियों ने नैनीताल का रुख करना शुरू कर दिया। शुक्रवार को सुबह से ही नैनीताल आने वाले पर्यटकों की भीड़ रही। इस दौरान दोपहर के बाद शहर के पार्किंग स्थल फुल होने लगे। जिसको देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से पर्यटक वाहनों को रूसी बाईपास में रोका। यहां भी लंबा जाम लग गया। पुलिस के अनुसार लगभग पांच सौ वाहन रूसी बाईपास पर रोके गए। इधर, शहर में पर्यटकों की भीड़ बढ़ने पर मालरोड समेत अन्य दार्शनिक स्थलों पर खूब चहलपहल रही। सैलानियों ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया।

# कार दुर्घटना में 6 घायल, पुलिस ने घायल यात्रियों को रेस्क्यू कर पहुंचाया अस्पताल

अल्मोड़ा। हल्द्वानी से दन्या जा रही एक कार सुआखान से धसफड़ के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना में 3 बच्चों सहित 6 लोग घायल हो गए। शुक्रवार की दोपहर दन्या पुलिस को सूचना मिली कि सुआखान से धसपड़ के बीच एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में गिर गई है, जिसमें यात्री फंसे हुए हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष दन्या जसविंदर सिंह पुलिस बल को साथ लेकर तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम द्वारा रूपू गधेरा सड़क से करीब 100 मीटर खाई में उतर कर स्थानीय लोगों की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहन संख्या वङ01–उ1712 ऑल्टो कार में फंसे घायल यात्रियों को रेस्क्यू कर सड़क पर लाया गया।



घायल यात्रियों को मौके पर मौजूद वाहनों की मदद से प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलादेवी दाखिल करवाया गया। दुर्घटना में चालक शंकर सिंह गैड़ा, मोहन सिंह गैड़ा (40 वर्ष), प्रेमा (35 वर्ष), हेमू (10 वर्ष), हर्ष (8 वर्ष) को हल्की चोट आई है जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौलादेवी में चल रहा है तथा गंभीर घायल वैष्णवी (13 वर्ष) को हायर सेंटर रेफर किया गया है। कार सवार सभी लोग दन्या अल्मोड़ा के रहने वाले हैं।

## मीट मार्केट की छत बनी खतरे का सबब

बागेश्वर। कांडा मार्ग स्थित मीट मार्केट की छत इन दिनों बदहाल हो गई है। लिंटर से सीमेंट के टुकड़े टूटकर दुकान के अंदर गिर रहे हैं। कई दुकानों की तो सरिया दिखने लगी है। यदि समय पर सुध नहीं ली गई तो बड़ा हादसा होने से कोई नहीं रोक सकता है।

पीड़ित दुकानदारों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर छत की मरम्मत करने की मांग की है। डीएम को भेजे ज्ञापन में दुकानदारों का कहना है कि मीट मार्केट में मीट विक्रेता की लंबे समय से दुकान क्षतिग्रस्त हो रही है। जिसे ठीक करवाने के लिए पूर्व में यहां तैनात जिलाधिकारी सहित पालिका में कई बार ज्ञापन दे चुके हैं, फिर भी अभी तक दुकान की छत ठीक नहीं की गई है।

# अल्मोड़ा नगर के कान्हा जोशी ने असिस्टेंट कमांडेंट परीक्षा 2021 में देश में पाया 16 वाँ स्थान

अल्मोड़ा। बक्शीखोला निवासी उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त किशन चन्द्र जोशी एवं प्रेमा जोशी के पुत्र कान्हा जोशी ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट कमांडेट परीक्षा 2021 में उत्तीर्ण होकर पूरे भारतवर्ष में 16 वाँ स्थान प्राप्त किया। कान्हा जोशी बचपन से ही बेहद कुशाग्र एवं मेधावी छात्र रहे। उन्होंने वर्ष 2013 में विवेकानन्द इंटर कालेज रानीधारा से दसवीं की परीक्षा उत्तराखण्ड में सातवीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की।

वर्ष 2015 में विवेकानन्द इंटर कालेज से प्रथम श्रेणी में इंटर परीक्षा उत्तीर्ण की। पंतनगर



विश्वविद्यालय से बी टेक की डिग्री लेने के बाद असिस्टेंट कमांडेट परीक्षा की तैयारी में जुटे रहे। परीक्षा का परिणाम आने के बाद उनके परिवार में खुशी का माहौल है। कान्हा जोशी की बड़ी बहन मीनाक्षी जोशी पीडब्ल्यूडी बागेश्वर में सहायक अभियन्ता है और दूसरी बहन दीक्षा जोशी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुटी है। पारिवारिक लोग बधाईयाँ देकर कान्हा जोशी की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त कर रहे हैं। कान्हा जोशी की उपलब्धि पर पारिवारिक जनों के अलावा जन अधिकार मंच संयोजक त्रिलोचन जोशी, रेडक्रास सोसायटी अध्यक्ष मनोज सनवाल, व्यवसायी जुगल पाण्डेय, संतोष जोशी, दीपक पाण्डेय, गिरिजा शंकर पाण्डेय आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

# पूर्व दर्जा मंत्री कर्नाटक ने की काफल पार्टी, पहाड़ी फलों और बुरांश के जूस का लोगों ने लिया स्वाद

अल्मोड़ा। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक के कैंप कार्यालय में एक भव्य काफल पार्टी का आयोजन किया गया।

पहाड़ी अंचल के उत्पादों, पहाड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए श्री कर्नाटक के द्वारा इस काफल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग किया। विदित हो कि श्री कर्नाटक पूर्व में भी पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के साथ मिलकर पहाड़ी उत्पादों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन जिनमें कांफल पार्टी, आम पार्टी, ककड़ी पार्टी, आड़ू पार्टी आदि शामिल है, देश के विभिन्न स्थानों में कर चुके हैं। इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने कहा कि हमारी पहाड़ी संस्कृति और पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजनों की नितान्त आवश्यकता है। इस तरीके के कार्यक्रमों से जहां हमारी पहाड़ी संस्कृति की झलक दूर दूर तक जाएगी, वही इन उत्पादों का व्यापक प्रचार–प्रसार होने से हमारे काश्तकारों को भी इसका लाभ मिलेगा जो आज पहाड़ की एक बहुत बड़ी समस्या पलायन रोकने में भी अपना अहम योगदान देगा।

श्री कर्नाटक के कैंप कार्यालय में आज आयोजित इस कांफल पार्टी में मोना मुक्तेश्वर से आड़ू, नाशपाती, खुमानी, लमगड़ा विकास खंड से काफल एवं बुरांश का जूस लोगों को परोसा गया। इस अवसर पर श्री कर्नाटक ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से हमारे पहाड़ी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा जिसका सीधा लाभ हमारे



काश्तकार भाइयों को मिलेगा जो कि मिलना भी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज पर्वतीय जिलों से बहुतायत में पहाड़ी फल खुमानी, आड़ू, नाशपाती जैसे फलों को बाजार उपलब्ध है लेकिन इसका फायदा इन फलों को पैदा करने वाले काश्तकारों को न मिलकर बिचौलियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वे इसके लिए प्रयासरत रहेंगे कि पहाड़ी इलाकों के काश्तकारों को उनकी मेहनत का पूरा फायदा मिले।

श्री कर्नाटक ने कहा कि आने वाले समय यदि वे अपने प्रयासों में सफल होते हैं और जनता का उन्हें आशीर्वाद मिलता है तो उनकी प्राथमिकता होगी कि अल्मोड़ा के काश्तकारों को अल्मोड़ा में ही मंडी उपलब्ध कराई जाए जिससे कि उन्हें उनकी मेहनत का पूरा दाम मिल सके। आने वाले समय में पहाड़ी खाद्यान्न जैसे मडुवा, झिंगोरे, गडेरी, पिनालू, भट के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए श्री कर्नाटक के द्वारा पहाड़ी व्यंजन पार्टी भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि काफल हमारी पहाड़ी संस्कृति को प्रदर्शित करता है। राज्य सरकार को भी हमारी पहाड़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन करने चाहिए। इस अवसर पर देवेंद्र कर्नाटक, राजीव कर्नाटक, कमलेश कर्नाटक, भुवन चन्द्र कर्नाटक, बद्री प्रसाद कर्नाटक, रमेश चंद्र जोशी, दीपांशु पांडे, लीलाधर काण्डपाल, जगदीश चन्द्र तिवारी, रोहित शैली, गौरव अवस्थी, सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता शाहबुद्दीन, नूर खान, भूपेन्द्र सिंह भोजक, हर्षिता तिवारी, हिमांशी अधिकारी, कविता पांडे, रेखा जोशी, डा.विद्या कर्नाटक, खष्टी गोस्वामी, मुकेश लटवाल, सन्तोष जोशी, दीक्षा सुयाल, सुधीर, मनोज कुमार, गौरव काण्डपाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सोबन सिंह जीना विवि अल्मोड़ा में मेंस्टुअल हेल्थ, हाइजीन एवं अवेयरनेस विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का हुआ शुभारंभ

अल्मोड़ा। शिक्षा संकाय और सोच संस्था द्वारा सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में मेंस्टुअल हेल्थ, हाइजीन एन्ड अवेयरनेस विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हो गया है। दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा, कुलपति प्रो जगत सिंह बिष्ट, पद्मश्री बसंती देवी, पिंकशी फाउंडेशन की सह संस्थापक शालिनी गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में सेमिनार की संयोजिका प्रो० भीमा मनराल ने कार्यक्रम में मौजूद सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में संरक्षक और कुलपति प्रो. जगत सिंह बिष्ट ने सोच संस्था और शिक्षा संकाय द्वारा मासिक धर्म स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता विषय पर किए जा रहे सेमिनार से समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन आने की बात कही। उन्होंने अपने जीवन की घटनाओं को सभी मध्य साझा किया। उन्होंने उत्तराखंड के अलग अलग क्षेत्रों में फैली मान्यताओं और कुरीतियों




पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ज्योति शाह मिश्रा ने सोच संस्था द्वारा मासिक धर्म विषय पर सेमिनार आयोजित कराने को लेकर संस्था के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। उन्होंने सोच संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा की भविष्य में महिला आयोग सोच संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों में उनके साथ खड़ा रहेगा और उत्तराखंड में महिला उत्थान को लेकर हम सभी मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने पलायन को लेकर भी बात की और युवाओं को अपने क्षेत्र में रखकर ही कार्य को लेकर प्रेरित किया। बीज वक्ता के रूप में पिंकशी फाउंडेशन की सह संस्थापक और राष्ट्रीय सचिव शालिनी गुप्ता ने कहा महिलाओं को आज के समय में बेहतर मेंस्टुअ प्रोडक्ट्स को स्वीकार करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री बसंती देवी ने पर्यावरण बचाने को लेकर सभी छात्र छात्राओं से बातचीत की। जल, जंगल, जमीन के मुद्दों से सभी छात्र छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने पलायन को लेकर बात की और युवाओं से अपने प्रदेश में रहकर ही कार्य करने को प्रेरित किया। द्वितीय (तकनीकी) सत्र में महिला विशेषज्ञ डा. तृप्ता सयाना ने मासिक धर्म से जुड़े वैज्ञानिक पहलुओं पर बात की और सभी पहलुओं से छात्र छात्राओं को अवगत करवाया। और छात्राओं के प्रश्नों के जवाब भी उनको दिए। तृतीय सत्र में सुनीता भास्कर ने अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने विभिन्न संस्थानों के साथ के अपने अनुभवों और सामाजिक कार्यों का वर्णन किया।



## फैक्ट्री कर्मचारियों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया

काशीपुर। फायर कर्मियों ने एक फैक्ट्री में पहुंचकर कर्मचारियों को आग से बचाव के तरीके बताए। शुक्रवार को एफएसओ महेश चंद्र अपनी टीम के साथ नेक्टाफ्रेश एग्रो फूड राजपुर में पहुंचे। उन्होंने फायर सेफ्टी संबंधी व्यवस्थाएं चेक की। साथ ही फायर ऑडिट किया। डेमोसट्रेशन के माध्यम से फैक्ट्री कर्मचारियों को फायर उपकरण चलाने एवं कृत्रिम आग लगाकर आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया।

# एसडीएम कोर्ट में कांग्रेसियों ने दिया धरना



काशीपुर। अतिक्रमण हटाओ अभियान से प्रभावित लोगों के पुनर्वास समेत 6 सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कोर्ट में धरना दिया। इस दौरान उन्होंने जल्द मांगें पूरी नहीं होने पर सड़कों पर उतरने की चेतावनी दी। शुक्रवार को किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग एसडीएम कोर्ट पहुंचे। उन्होंने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। लाडी ने कहा भाजपा शासन में जनता का हाल बेहाल है। लोगों को बेघर किया जा रहा है। भाजपा के मंत्री और विधायक जनता को गुमराह कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने तहसीलदार अक्षय भट्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 सूत्रीय मांग पत्र भेजा। जिसमें पंजाब एवं हरियाणा की तर्ज पर उत्तराखंड में भी गन्ने का भुगतान करने, गेहूं की फसल नष्ट होने का 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से किसान को भुगतान करने, किसानों का बिजली बिल माफ करने, बाजपुर के 20 गांव की भूमि के मामले का निस्तारण करने, घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 500 रुपये करने की मांग की है। यहां डीके जोशी, सत्यवान गर्ग, अनिल वाल्मीकि, हरमीत सिंह बड़ैच, कदीर अहमद, जीत सिंह, रेशम यादव, नवदीप कंग, लीलाधर सैनी, बलवीर सिंह कालू, योगराज सैनी, रामप्रसाद, अनिल बिष्ट, पंचम सिंह, नितिन बिष्ट रहे।

## पेटेंट के क्षेत्र में कॅरियर बनाने की अपार संभावनाएं

नैनीताल। कुमाऊंविवि के डीएसबी परिसर स्थित वाणिज्य विभाग की ओर से इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट के अंतर्गत 'पेटेंट का कॅरियर पर प्रभाव' विषय पर कार्यशाला हुई। जिसमें विभिन्न स्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता एग्जामिनर ऑफ पेटेंट एंड डिजाइन, पेटेंट ऑफिस कोलकाता, डीपीआईआईटी उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय भारत सरकार अर्णव भट्टाचार्य ने विचार रखे। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा का अधिकार एक महत्वपूर्ण अधिकार है। उन्होंने पेटेंट, डिजाइन तथा ट्रेड मार्क को विस्तार से समझाया। बताया कि इस श्रेणी में कैसे रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। कहा कि पेटेंट रजिस्ट्रेशन के ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न फॉर्म भरे जाते हैं। पेटेंट के क्षेत्र में विभिन्न प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से कॅरियर बनाया जा सकता है। यहां विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, डॉ. आरती पंत, डॉ. विजय कुमार, डॉ. ममता जोशी, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. जीवन उपाध्याय, अंकिता आर्या, पूजा जोशी, सुबिया नाज समेत कई शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

# दो दिवसीय राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कोर्स का हुआ शुभारम्भ

अल्मोड़ा। योग निलेनियम शोध संस्थान अल्मोड़ा एवं उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त प्रयास एवं तत्वावधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय जज प्रशिक्षण कोर्स आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ उत्तराखंड योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉ कपिल शास्त्री, कुमाऊं प्रभारी भास्कर ओली, योगनिलेनियम के निर्देशक के डॉ प्रेम प्रकाश पांडेय ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह के सत्र में मुख्य अतिथि के कपिल शास्त्री ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति का प्राण है। योग हमारे जीवन का मूलभूत आधार है। यह युगों से चली आ रही हमारे ऋषि–मुनियों की हमारे लिए एक असीम कृपा है। आयोजन के सचिव कमल कुमार बिष्ट, जसोद सिंह बिष्ट एवं निर्देशक डॉक्ट्र प्रेम प्रकाश पांडे ने सयुक्त रूप से कपिल शास्त्री, सीमा जोहर एवं भास्कर ओली को अपनी परंपरागत संस्कृति एवं सभ्यता के प्रतीक तांबे की गगरी को प्रतीक के रूप में देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विमला साही ने किया। जज



प्रशिक्षण शिविर में सीमा जोहर, ज्योति, भास्कर ओली, कपिल शास्त्री, मनीष सिंह, नीतीश, अर्पिता और हर्षित ने प्रशिक्षण के दौरान योगासन के विभिन्न नियम, जज निर्णय में अंक देने का तरीके को समझाते हुए सभी जज के प्रतिभागियों को उनके मूलभूत आधार एवं किस प्रकार से उत्कृष्ट जजिंग की जा सकती है इन सभी पहलुओं को आज की तकनीकी आधार पर प्रोजेक्टर एवं लिखित एवं मौखिक रूप से सिखाया और समझाया। आयोजन के महासचिव एवं पतंजलि भारत स्वाभिमान के युवा प्रभारी कमल कुमार बिष्ट, रुप सिंह बिष्ट, पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी अल्मोड़ा ने बताया कि यह प्रतियोगिता आने वाले समय के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

# श्रीनगर में एक और पार्किंग बनाने की तैयारी, जल्द होगा शिलान्यास

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर में पार्किंग की समस्या के समाधान के लिए एक और पार्किंग बनाए जाने की तैयारी है। श्रीनगर और श्रीकोट के बीच में चौरास झूला पुल से लेकर स्व. विपिन रावत स्टेडियम के समीप तक डंपिंग जोन बनाकर 100 फीट चौड़ी पार्किंग बनाई जाएगी।

श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के हवाले से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी गणेश भट्ट ने बताया कि जल्द ही इसका शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीनगर के पौड़ी बस अड्डे की पार्किंग का जल्द ही उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद श्रीनगर और श्रीकोट के बीच पार्किंग निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

कहा कि इस पार्किंग के बनने से स्टेडियम में जाने के लिए भी आसानी रहेगी। साथ ही स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद, रैलियां, मेले आदि हो सकेंगे। बताया कि स्व. विपिन रावत स्टेडियम तक जाने का जो यह मार्ग बनेगा उससे स्टेडियम का दृश्य ही बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी पौड़ी को गंगा सांस्कृतिक केंद्र म्यूजियम, एनआईटी के पास ऑडिटोरियम के निर्माण एवं अलकनंदा बिहार के नीचे सुरक्षा दीवार निर्माण कार्य हेतु निरीक्षण के लिए निर्देशित किया गया था। कहा कि श्रीनगर शहर में बहुत जल्द गंगा सांस्कृतिक केंद्र एवं ऑडिटोरियम भी बनाया जाएगा। (एजेंसी)

# अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश निरस्त करने पर भड़के शिक्षक

श्रीनगर गढ़वाल : अटल उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश अवकाश निरस्त किए जाने पर शिक्षकों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। राजकीय शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री शिव सिंह नेगी ने कहा कि शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश में ही अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना होता है।अवकाश निरस्त किए जाने से शिक्षकों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नेगी ने कहा कि कंपार्टमेंट परीक्षा आगामी 17 जुलाई को है और ग्रीष्मावकाश हेतु जब से विद्यालय बंद हुए हैं तब से ही संबंधित विषय के अध्यापक स्कूलों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। ग्रीष्मावकाश के शेष दिनों में ऑनलाइन शिक्षण कर छात्रों को तैयारी करवाई जा सकती है। साथ ही पुनः विद्यालय खुलने पर 15 दिनों तक पूरक परीक्षा की अलग से तैयारी की जा सकती है।

# परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर होने पर भड़के छात्र और परिजन

श्रीनगर गढ़वाल : केंद्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जा रही सीयूईटी प्रवेश परीक्षा में अधिकांश छात्रों के परीक्षा केंद्र राज्य से बाहर होने पर छात्रों और परिजनों ने कड़ा आक्रोश व्याप्त किया है।

सामाजिक कार्यकर्ता लाल सिंह नेगी व अभ्यर्थी अनुराधा ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही सीयूईटी प्रवेश परीक्षा से परीक्षार्थियों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि गढ़वाल विवि के बीएड में प्रवेश के लिए कई अभ्यर्थियों ने आवेदन फार्म भरे हैं। लेकिन उनके परीक्षा केंद्र मेरठ व अन्य शहरों में डाल दिए गए हैं। जिससे परीक्षार्थियों में निराशा की भावना उत्पन्न हुई है। कहा कि गरीब छात्रों को पहले सीयूईटी का आवेदन करने में पंद्रह सौ रुपए खर्च करने पड़े और अब प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए दूसरे राज्य व शहर में हजारों रुपए खर्च करने होंगे। उन्होंने कहा है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं कहां से इतना पैसे खर्च कर पाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता लाल सिंह ने कहा है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी अविलंब छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुए इस मामले में ठोस कार्यवाही करे। अन्यथा उन्हें छात्र-छात्राओं के सहयोग से विशाल जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। (एजेंसी)

## कीर्तिनगर ब्लॉक के दो छात्र का उत्तराखण्ड की टीम में चयन

श्रीनगर गढ़वाल : स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया की 66वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता में विकासखंड कीर्तिनगर के दो छात्र प्रतिभाग करेंगे। छात्रों के चयन पर कीर्तिनगर ब्लॉक के शिक्षकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने खुशी जताई है।

कीर्तनगर ब्लॉक के क्रीड़ा समन्वयक सतीश बलूनी ने बताया कि राइंका खोला कड़ाकोट के 12वीं कक्षा में अध्ययनरत छात्र प्रवीण सिंह का अंडर-19 उत्तराखंड की कबड्डी टीम में चयन हुआ है, जो कि 6 जून से छत्रसाल स्टेडियम दिल्ली में टीम के साथ प्रतिभाग करेंगें। इसके अतिरिक्त राइंका कीर्तिनगर के छात्र धीरज सिंह का चयन अंडर-19 उत्तराखंड एथलेटिक्स टीम में हुआ है, जो कि 6 जून से भोपाल मध्य प्रदेश में प्रतिभाग करेंगे। छात्रों के चयन पर खंड शिक्षा अधिकारी एस. पुरोहित, डा. यशवंत सिंह नेगी, बीएम सजवाण व वीर विक्रम सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही विद्यालयी शिक्षा निदेशालय द्वारा सतीश बलूनी को प्रतियोगिता में दिल्ली छत्रसाल स्टेडियम की समस्त टीमों का मुख्य मैनेजर का दायित्व सौंपा गया है। दिल्ली स्टेडियम में कबड्डी के अतिरिक्त 8 अन्य खेलों की टीमों के प्रतिभागी एवं कोच और मैनेजर प्रतिभाग करेंगे। (एजेंसी)

### पोस्टर में प्रीति, संजना, आरती ने मारी बाजी

नई टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी में रसायन विज्ञान विभाग की ओर से छात्राओं की बीच ग्लोबल वार्मिग (मॉडल) और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई, प्रतियोगिता में छात्राओं की ओर से बेहत्तर मॉडल प्रस्तुत किये गये। शुक्रवार को पीजी कॉलेज नई टिहरी में रसायन विज्ञान की ओर बीएससी द्वितीय सेमस्टर की छात्राओं की बीच संपन्न हुई ग्लोबल वार्मिग (प्रारुप) और पोस्टर प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुये रसायन विज्ञान के विभागध्यक्ष डॉ. अरविंद मोहन पैन्यूली ने बताया कि ग्लोबल वार्मिग (प्रारुप) में मीनाक्षी सेमवाल, साक्षी रतूड़ी और कल्पना नेगी द्वारा संयुक्त मॉडल ने प्रथम, सलोनी ने द्वितीय तथा ईशा सकलानी, अनीशा कंडवाल और अदिति का संयुक्त मॉडल ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर में प्रीति रावत ने प्रथम, संजना चौहान ने द्वितीय और आरती डोभाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. डीपीएस भंडारी ने छात्र-छात्राओं से कॉलेज से लेकर अन्य स्थानों पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने को कहा।

## सीमांत गांव मलारी के ग्रामीणों ने सीखें योग के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के योग विभाग के शिक्षकों की ओर से सीमांत गांव मलारी में लोगों को योगाभ्यास कराया गया। विभाग की शिक्षिका डा. रजनी नौटियाल व डा. विनोद नौटियाल ने बताया कि सीमांत गांव की महिलाओं से वार्ता करने के पश्चात उनकी कुछ समस्याएं जैसे कमर दर्द, सर्वाइकल, सांसों से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए अर्द्ध चंद्रासन, उष्ट्रासन, साइड बेंडिंग चक्रासन व पर्वतासन आदि योग व आसन का अभ्यास करवाया गया।

साथ ही फेफड़ों से संबंधित कुछ समस्याओं से निजात देने के लिए उन्हें कपालभाति, प्राणायाम, ध्यान व ओम का उच्चारण की विधि एवं लाभ के बारे में बताया गया। महिलाओं ने उनकी समस्याओं के विषय में सोचने व योगाभ्यास से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल व योग विभाग के शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभाग के डॉ. घनश्याम सिंह ठाकुर, डॉ. चिंताहरण बेताल और डॉ. किरण वर्मा ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। (एजेंसी)

### आरोपी सांसद पर कार्रवाई न होने पर महिला कांग्रेस करेगी पीएम और सीएम आवास का घेराव

नई टिहरी : महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने कहा कि महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी सांसद बृजभूषण के खिलाफ यदि सरकार ने 5 दिनों के भीतर कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की, तो महिला कांग्रेस पीएम और सीएम आवास घेराव का घेराव करेगी। जिला कांग्रेस कार्यालय महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत ने पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा देकर महिलाओं को बरगलाने का काम कर ही रही है। कहा कि बेटियों को लेकर भाजपा सरकार की कलई दिल्ली में महिला पहलवानों के आंदोलन से खुलकर सामने आ गई है।

### खोया-पाया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने यूपी बोर्ड से वर्ष 2000 में हाईस्कूल की परीक्षा अनुक्रमांक 0714833 से उत्तीर्ण की। जिसकी अंकतालिका/प्रमाणपत्र कहीं खो गये है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल रहे है।

**भारत मोहन सिंह पुत्र श्री दलबीर सिंह निवासी ग्राम लमराड़ा, पट्टी कौड़िया, तहसील लैन्सडौन, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


**उत्तर रेलवे**

ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग (ए.सी.ओ.), उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, रेल कोच रेस्टोरेंट, रेलवे स्टेशन पर प्रतीक्षालय एवं एटीएम के आवंटन हेतु ई–बोली आमंत्रित की गयी है, जिसकी बोलियां www.ireps.gov.in पर शुरु होंगी। इसके लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध है।

| कैटेगरी | कैटलॉग संख्या | एसेट डिटेल | ई–बोली की आरम्भ तिथि | ई–बोली की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| Advertising | 23-MB-NFR-3 | ट्रेनों के अन्दर विनायल रैपिंग; होर्डिंग के माध्यम से हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन; [illegible] साइन बोर्ड के माध्यम से बरेली रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु। 14x8 sq.ft LED के माध्यम से [illegible], शाहजहाँपुर, चन्दौसी, रामपुर, हरदोई, [illegible], अमरोहा, ऋषिकेश, मुरादाबाद और ज्वालापुर रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु; 32", 40", 50" LED के माध्यम से रामपुर, शाहजहाँपुर हरदोई & चन्दौसी पर विज्ञापन हेतु; 360 डिग्री LED के माध्यम बरेली एवं मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर विज्ञापन हेतु | 19.06.2023 10:00:00 | 19.06.2023 14:20:00 |
| Coach Restaurant | 23-MB-RCR-4 | हरिद्वार रेलवे स्टेशन के [illegible] में कोच रेस्तरां की स्थापना के लिए | 19.06.2023 10:00:00 | 19.06.2023 10:30:00 |
| Waiting Room at Railway Stations | 23-MB-wtngRum-3 | हरदोई और देहरादून रेलवे स्टेशनों पर प्रतीक्षालय के [illegible], रखरखाव और [illegible] के लिए। | 20.06.2023 10:00:00 | 20.06.2023 10:40:00 |
| ATM | 23-MB-ATM-3 | शाहजहाँपुर, हरदोई, अमरोहा & देहरादून रेलवे स्टेशन | 19.06.2023 10:00:00 | 19.06.2023 11:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1897/2023


# निर्माण कार्यों को तेजी से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को क्लेक्ट्रेट में ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यदायी संस्था को धनराशि हस्तांतरित करने के बाद निर्माण कार्यों की स्वयं मॉनिटरिंग करना भी सुनिश्चित करें। सभी निर्माण कार्य समयबद्व एवं गुणवत्तायुक्त होने चाहिए। ताकि लंबे समय तक लोगों को योजनाओं का लाभ मिलता रहें।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संचालित निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करें और जो कार्य पूरे हो चुके है उनको शीघ्र हस्तांतरित किया जाए। जिला योजना के ऐसे निर्माण कार्य जो किसी विवाद या अन्य कारणों से रूके हुए है और नहीं हो सकते है उनके सूची अर्थ एवं संख्या कार्यालय को उपलब्ध कराते हुए उनके स्थान पर नए योजनाओं को प्रस्तावित किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के माध्यम से संचालित स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, बाल विकास, खेल आदि विभागों के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए।


**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

विभाग : Electrical (TRD)

टेंडर नं. : T-06-TRD-MB-23-24

कार्य का नाम : [illegible] रेलवे स्टेशन।

निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय : 26.06.2023, 15:00 बजे

कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 2,38,41,466.90/- (Including GST)

बिड सिक्यूरिटी राशि : ₹ 2,69,700/-

निविदा प्रपत्र मूल्य : शून्य

ऑफर की वैधता (दिन) : 60 दिन

कार्य पूरा करने की अवधि : 12 माह

वेबसाइट एवं कार्यालय का पता : www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-03 दिनांक: 01.06.2023 1884/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पौड़ी

Phone/fax no- 01368-222512 Email -eepdpwdpauri@gmail.com

पत्रांक- 1096/35AC दिनांक- 02/06/2023

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदा दिनांक 13/06/2023 को अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05/06/2023 से दिनांक 12/06/2023 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है तथा दिनांक 13/06/2023 अपराहन 2:00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1. कार्यालय का नाम :- अधीक्षण अभियन्ता, 12वॉ वृत्त लो0नि0वि0 पौड़ी, 2. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी 3:- कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 लो0नि0वि0 पौड़ी, 4. कार्यालय का नाम :- अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0 लो0नि0वि0, कीर्तिनगर

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | एस0सी0एस0पी0 के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र पौड़ी के अन्तर्गत विकास खण्ड कोट में सुरुपर डांडानागराजा मोटर मार्ग से पुरमिसी होते हुए अम्बेडकर ग्राम भूतनिसी तक मोटर मार्ग का निर्माण कार्य। (द्वितीय चरण स्टेज-I) के अन्तर्गत पहाड कटान का कार्य। कि0मी0 2 चै0 1.500-2.000 | 36000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य हेतु श्रेणी ''डी'' एवं उच्चतर, |
| 2 | --तैदव--- कि0मी0 3 चै0 2.000-2.500 | 39000.00 | 1500+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 3 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत बगानीखाल-दिउसा मोटर मार्ग का रिंगुड होते हुए बहेड़ाखाल तक मोटर मार्ग के क्रॉस सैक्शन 0/17 से 1/7 तक नव निर्माण के अन्तर्गत पहाड़ कटान का अवशेष कार्य। | 50000.00 | 2000+ 18% GST | 45 दिन | 3 माह | --तदैव-- |
| 4 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत बगानीखाल-दिउसा मोटर मार्ग का रिंगुड होते हुए बहेड़ाखाल तक मोटर मार्ग के कि0मी0 3 चै0 2.500-3.000 में पंचायत भवन व पानी के टैंक हेतु सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कार्य। | 10000.00 | 1000+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | --तदैव-- |
| 5 | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र पौड़ी के विकास खण्ड कल्जीखाल के अन्तर्गत बगानीखाल-दिउसा मोटर मार्ग का रिंगुड होते हुए बहेड़ाखाल तक मोटर मार्ग के कि0मी0 4 चै0 3.000-3.500 में मन्दिर की सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण कार्य। | 6000.00 | 500+ 18% GST | 45 दिन | 1 माह | --तदैव-- |

निविदायें दिनांक 13/06/2023 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्तें निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेंगी।

**शर्तें**

1. धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफडी0आर0/सी0डी0आर0/टी0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस की एन0एस0सी0 जो अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 पौड़ी के पदनाम से बन्धक हो को संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रेवेंन्यू स्टाम्प पर हस्ताक्षर सहित जमा करना आवश्यक होगा। (वैधता हेतु)
3. उपरोक्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।
4. निविदा के साथ ठेकेदार को विभाग में पंजीकरण की प्रति भी संलग्न करनी अनिवार्य होगी।

**(इं0 डी0सी0 नौटियाल)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 पौड़ी**





## सम्पादकीय

# बयानों पर उलझी राजनीति

लगता है कर्नाटक विधानसभा की जीत कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सिर चढ़कर बोलने लगी है और वे अपने अमेरिका दौरे के दौरान ऐसे बयान दे रहे हैं जो या तो भारत की गरिमा को खंडित कर रहे हैं या फिर प्रधानमंत्री के पद को। अंदर खाने कांग्रेस भी राहुल गांधी के इन बयानों को लेकर काफी हद तक है और उनका मानना है कि ऐसे समय में जब लोकसभा चुनाव सिर पर है तो इन परिस्थितियों में किसी भी नेता को विरोधी बयानों से बचना चाहिए। राहुल गांधी इन दोनों अमेरिका दौरे पर है और वहां इन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को "स्पेसिमेन" कहकर मखौल उड़ाया था। इधर राहुल गांधी ने बयान दिया और उधर भारत में भाजपा ने राहुल गांधी समेत कांग्रेस को आड़े हाथों ले लिया। कांग्रेस को भी उम्मीद नहीं थी कि सात समुंदर पार दिया गया राहुल गांधी का बयान एक मुसीबत बन जाएगा। राहुल गांधी किस पर भी चुप नहीं हुए और इधर उन्होंने मुस्लिम लीग पर भी बयान देते हुए इस दल को सेक्यूलर धर्मनिरपेक्ष बताया है। हालांकि अब भाजपा के कटाक्ष तेवरों के बाद कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया देनी शुरू कर दी है और कहा है कि राहुल गांधी के बोलने से भाजपा को इतना डर क्यों है? देश की बात करना, प्रधानमंत्री मोदी का विरोध कैसे हो गया? राहुल गांधी का मानना है कि इंडियन मुस्लिम लीग के बारे में कुछ भी गैर–धर्मनिरपेक्ष नहीं है। मुस्लिम लीग पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पार्टी है। मालूम होना चाहिए कि मुस्लिम लीग का गठन जिन्ना ने किया था और यह वही दल है जो धार्मिक आधार पर भारत के विभाजन के लिए जिम्मेदार माना जाता है। हो सकता है राहुल को इतिहास की पूरी जानकारी ना हो लेकिन देश का इतिहास यही बताता है कि मुस्लिम लीग के कर्ताधर्ताओं के कारण ही धार्मिक आधार पर भारत के दो टुकड़े हुए, लाखों लोगों के नरसंहार के बाद जिसका दूसरा भाग पाकिस्तान बना। इससे पूर्व भी राहुल गांधी के कई बयान कांग्रेस के लिए मुसीबत पैदा करते आए हैं, लेकिन पिछले कुछ समय में खासतर से भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की छवि एक परिपक्वनेता के तौर पर उभर रही थी, एकाएक उनके बयान फिर ना केवल पार्टी के लिए परेशानी बन रहे हैं बल्कि आम लोगों द्वारा भी ऐसे बयानों की आलोचना की जा रही है। कर्नाटक विधानसभा की जीत से राहुल गांधी निश्चित तौर पर काफी उत्साहित हैं और होना भी चाहिए क्योंकि कर्नाटक के चुनाव परिणाम आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के लिए एक मजबूत कड़ी का काम कर सकते हैं लेकिन इसके लिए यह जरूरी है कि कांग्रेस के अग्रिम पंक्ति के नेता परिपक्वता पूर्ण बयान दे। राजनीतिक मंच पर विरोधियों की आलोचना करना मैदान पर टिके रहने के लिए जरूरी होता है लेकिन राजनीतिक युद्ध में शब्दों एवं गरिमा का पालन करना चाहिए फिर वह चाहे कांग्रेस के मंच से हो या फिर भाजपा या फिर दूसरे राजनीतिक मंच से।

# राजस्थान में खड़गे का फॉर्मूला क्या?

कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन पायलट के बीच चल रही खींचतान को सुलझाने का प्रयास किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी सोमवार को दोनों नेताओं से अलग अलग भी मिले और एक साथ भी मिले। उसके बाद संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि दोनों ने सुलह का फॉर्मूला तय करने का काम पार्टी आलाकमान पर छोड़ दिया है। अब सवाल है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल क्या फॉर्मूला बनाएंगे? कांग्रेस आलाकमान के कोई फैसला करने से पहले ही मीडिया और सोशल मीडिया में फॉर्मूले की चर्चा होने लगी है। लेकिन क्या वही फॉर्मूला होगा या पायलट के प्रति अतिशय उदार मीडिया ने अपनी ओर से यह बना दिया है?

कहा जा रहा है कि कांग्रेस आलाकमान पायलट को फिर से प्रदेश अध्यक्ष बना सकता है और उनके प्रति निष्ठावान किसी विधायक को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। पता नहीं इस फॉर्मूले पर विचार भी हो रहा है या नहीं है और अगर ऐसा कोई प्रस्ताव आता है कि गहलोत उसे मानेंगे या नहीं लेकिन उससे पहले मार्केट में यह फॉर्मूला उछाल दिया गया है। हालांकि दिल्ली में यह बैठक होने से पहले गहलोत ने कह दिया था कि कांग्रेस आलाकमान मजबूत है और किसी को मनाने के लिए पद का प्रस्ताव देने की परंपरा कांग्रेस में नहीं है। इसका मतलब है कि वे यथास्थिति रखते हुए चुनाव में जाना चाहते हैं। इसलिए कांग्रेस आलाकमान को कोई भी प्रस्ताव बहुत सोच–समझ कर पेश करना होगा।

# कई मेकअप उत्पादों का विकल्प बन सकता है फेशियल ऑयल, जानिए 5 इस्तेमाल

फेशियल ऑयल चेहरे पर लगाया जाने वाला पोषक तत्वों से भरपूर तेल होता है। यह चेहरे पर प्राकृतिक चमक लाने और इसे हाइड्रेट रखने में मदद कर सकता है। इसके अलावा यह सीबम के उत्पादन को नियंत्रित करने में भी सहायक है। आप चाहें तो कई तरह के मेकअप उत्पादों के विकल्प के तौर पर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज फेशियल ऑयल से जुड़े 5 मेकअप हैक्स जानते हैं।

साफ चेहरे पर मॉइस्चराइजर और सनस्क्रीन लगाने के बाद मेकअप बेस के लिए प्राइमर का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, अगर आपका प्राइमर खत्म हो गया है तो फेशियल ऑयल का इस्तेमाल करें। यह हल्का होता है और जल्दी से त्वचा में अवशोषित हो जाता है, जिससे आपको मेकअप के लिए एक अच्छा बेस मिल सकता है। आप चाहें तो घर पर खुद भी इन 5 तरीकों से फेस प्राइमर बना सकते हैं।

अगर लिक्विड फाउंडेशन का कम इस्तेमाल किया जाए तो यह रखे–रखे सूखने लगता है और जरूरत के समय बोतल से निकलता ही नहीं है। इस समस्या को तुरंत ठीक करने के लिए फाउंडेशन की बोतल में फेशियल ऑयल की 8–10 बूंदें डालें और इसे अच्छे से शेक करें। इससे फाउंडेशन पहले जैसा हो जाएगा और काम भी ज्यादा अच्छे तरीके से करेगा। अगर आपका फाउंडेशन हल्का है तो हल्के फाउंडेशन को इन 5 टिप्स से ठीक करें।अगर आपका आईशैडो हल्का है तो इसे गहरा करने के लिए भी आप फेशियल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आईशैडो ब्रश को फेशियल ऑयल में डुबोएं और फिर अपना पसंदीदा आईशैडो लें।

# हिरोशिमा में तिहरे खतरे के बादल!

**हरिशंकर व्यास**

विश्व की शक्ल बदल रही है। वजह पृथ्वी और मनुष्य दोनों के दुर्दिन हैं। पृथ्वी का मिजाज, उसकी इम्यून क्षमता, जहां मनुष्यजनित और प्रकृतिगत बीमारियों से बिगड़ती हुई है वहीं मानव सभ्यता बुद्धि की पांचवीं और संभवतया आखिरी क्रांति से अपने दिमाग को गंवाने का खतरा लिए हुए है। मनुष्य बुद्धि का मशीनी टेकओवर संभव है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस याकि मानव निर्मित नकली बुद्धि की वह एक असेंबली लाइन, जिस पर नए सिरे से होमो सेपियन की गढ़ाई होगी। वैसे ही जैसे कभी प्राचीन काल में धर्म ने इंसान को भिन्न–भिन्न ठप्पों का बनाया था। बहुत संभव है इसी सदी में मनुष्य प्रकृति की असमानताओं के आधार पर इंसान का नए सिरे से मानकीकरण हो। निश्चित ही पृथ्वी और मनुष्य की जैविक रचना यथावत है। जैसी थी वैसी है और रहेगी। बावजूद इसके रेगिस्तान यदि नखलिस्तान हो जाए और उत्तरी व दक्षिणी धुव्र रेगिस्तानी गर्मी में पिघलकर उपजाऊ मैदान हो गए तो सौ वर्षों में पृथ्वी का भूगोल व शक्ल तो बदली ही मानेंगे। अगले सौ वर्षों में भूगोल, आबोहवा, रूप–रंग, प्रकृति सभी में पृथ्वी नई शक्ल लिए हुए होगी। ऐसे ही दस–बारह अरब लोगों की मानव जाति की असमानताएं भिन्न ब्रांड–मिजाज की शक्लों से चिन्हित होगी। वैसे ही जैसे पुराण कथाओं से राम–रावण, वानर सेना–असुर सेना, देवलोक–असुरलोक, ऋषिजन–बर्बर, बुद्धिमान–गंवार, मालिक–गुलाम की प्रकृति में विभिन्न तरह के चेहरों का दिमाग में इलहाम बनता है।

कल्पना करें, वर्ष 2100 के विश्व की। भूगोल में नए रेगिस्तान, नए बंजर, लुप्त हुए या नए बने द्वीपों, नए सागर, नए मैदानों से पृथ्वी खौलती और भभकती हुई। इतनी छोटी अवधि में इतना बड़ा परिवर्तन! ऐसा ही मनुष्यों को साथ होना है। आम इंसान के बस में कुछ भी नहीं होना। सत्य–तथ्य है कि अब तक का विकास मानव द्वारा अपने हाथों, स्वंय की बुद्धि और दिमाग से है। होमो सेपियन का पूरा सफर उसका खुद का। उसने खुद जगंली जीवन से शिकारी जीवन बनाया। फिर खेतिहर हुआ। 1760 की औद्योगिक क्रांति से वह उत्पादक–मजदूर बना। यह सब मनुष्य दिमाग के बौद्धिक विस्तार से था। मानव मष्तिष्क की चेतना, ओजस्विता से तीन–चार हजार वर्षों में जंगली पशु से शुरू होमो सेपियन का रूपांतरण शिकारी, कृषक, मजदूर, मशीनी, ग्लोबल, डिजिटल, इंटेलीजेंट–रोबो व कृत्रिम् बुद्धि के एक के बाद एक सोपान पाता गया। उसका आधुनिक अस्तित्व हर तरह से स्वनिर्मित!

उस नाते विचारें तो क्या लगेगा नहीं कि अपनी पृथ्वी से शेष ब्रह्मांड ईर्ष्या करता हुआ होगा! ब्रह्मांड में किसी ग्रह–उपग्रह पर पृथ्वी जैसी जैविक व्यवस्था यदि होगी और वह पृथ्वी को आब्जर्व करते हुए हुई तो यह जलन होगी कि पृथ्वी और उसकी मनुष्य प्रजाति ने अपने बौद्धिक बल से अपना क्या खूब वैभव बनाया। वह अंतरिक्ष तक को खंगालते हुए!

और अब लंबे सफर का मानों अंतिम मुकाम। इसलिए कि होमो सेपियन ने वह मशीनी दिमाग–माइंड बना डाला है जो जैविक मनुष्य दिमाग से सीमाहीन सुपरफास्ट है। जिसकी सोचने की तेजी, प्रक्रिया क्वांटम कंप्यूटिंग वाली। वह वक्त गया जब गति और तेजी को मनुष्य हार्स पावर, गीगा बाइट जैसे जुमलों में डिफाइन करता था। आगे बहुत जल्द करोड़ों–अरबों लोगों के डेटा और उनकी सामूहिक बुद्धि क्षमता की ताकतों को यह मशीन संग्रहित किए हुए होगी। और वह फिर क्वांटम कंप्यूटिंग प्रोसेसिंग से मनुष्य को चलाती हुई! तब आम आदमी सौ टका अपने हाथ के उस फोन से काम करता हुआ होगा।

मतलब वह वक्त आता हुआ है कि जब मुझे और आपको, मानव समाज, प्रशासन–सरकार किसी को दिमाग खपाने की जरूरत नहीं होगी। इसलिए क्योंकि वैज्ञानिकों ने जैविक दिमाग से प्राप्त ज्ञान–विज्ञान, जानकारियों, सवालों, समस्याओं सबको संग्रहित कर लिया है।






मनुष्य स्मृतियों का सुपर भंडारण और उसकी मशीनी प्रोसेसिंग का विकास बना डाला है। सो, नकली दिमाग वह सब करेगा जो जैविक–असली दिमाग करता आया। इसी का नाम मानव विकास की पांचवीं क्रांति है। मैं इसे मनुष्यों के जैविक दिमाग की आखिरी क्रांति समझता हूं। इसलिए क्योंकि इसके बाद विकास की क्रांतियां मशीनी दिमाग से हुआ करेगी। नकली दिमाग के आगे असली दिमाग आउटडेटेड, आलसी और अचेत हो चुका होगा।

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की इस पांचवीं मनुष्य क्रांति के अर्थ में एक–दो जुमले बारीक अर्थ लिए हुए हैं। एक तो यह कि जो सर्वाधिक फिट, योग्यतम उसी का अस्तित्व लेकिन इसके साथ दूसरी अनिवार्यता तेज गति की भी। दूसरे शब्दों में योग्यतम की उत्तरजीविता संग तेजी (ह्लद्धद्ग द्बह्लह्लद्गह्यह्ल ह्लश ह्यह्वह्-1द्ब1ड्डह्य शद्ध ह्ल्द्दद्ग ह्नह्द्बष्ह्मद्गह्यह्ल) के विकास का पर्याय है पांचवीं क्रांति।

जाहिर है नई क्रांति 'फिटेस्ट' और 'फास्ट' का ब्रह्म वाक्य लिए हुए। तीसरे सत्व–तत्व की जुमला है– वैयक्तिकरण। मतलब मशीनी दिमाग जहां पृथ्वी के सभी आठ अरब मनुष्यों की जन्मपत्री और जिंदगी का सामूहिक डेटा लिए हुए होगा तो एक–एक इंसान की जरूरत के अनुसार उसको वह वैयक्तिक तौर पर बुद्धि देते हुए भी। कह सकते हैं एक–एक व्यक्ति को गाइड करते हुए, उसके काम करते हुए। मतलब मनुष्य बुद्धि को अनावश्यक बना देने की क्रांति का नाम है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस। हर व्यक्ति के लिए चंद सेकेंड में 'क्विकेस्ट' समाधान और हर काम ऑटोमेटिक अंदाज में। सब स्वचालित। तभी यह दुनिया के थिंक टैक भविष्यवाणियां कर रहे हैं कि आने वाले दशकों में लोगों का काम करना बंद हो जाएगा। उन्हें घर बैठे यूनिवर्सल तनख्वाह देनी होगी। आठ–दस सालों में पचहतर प्रतिशत नौकरियां खत्म हो जानी हैं।

सबसे बड़ी बात यह कि आगे का सारा विकास मशीनी दिमाग है। आगे के परिवर्तन सुपर रफ्तार में।

दस–बीस साल बाद याकि सन् 2040 में छठी क्रांति, 2070 में सातवीं, 2090 में आठवीं क्रांति होना इसलिए तय है क्योंकि आगे क्वांटम कंप्यूटिंग गति में मशीनी बुद्धि विकास कराएगी। बीस साल बाद संभव होगा कि फोन–घड़ी का सेंसर मनुष्य दिमाग की सोच, जरूरत को पढ़ते हुए कृत्रिम दिमागी कनेक्शन से उसके काम करें। उसकी गतिविधियों–स्वभाव की वह चालक हो।

विश्वास नहीं हो रहा? होना भी नहीं चाहिए। यही आम इंसान की बेसिक समस्या है। मनुष्य ने अपने हाथों, अपनी बुद्धि से अपने को शिकारी, खेतिहर, मजदूर और आधुनिक बनाया लेकिन बिना यह बूझे हुए कि उसका सारा विकास उसके वैयक्तिक जीवन का हरण है। व्यक्ति और उसके दिमाग को भला कैसे समझ आ सकता है कि हो क्या रहा है और जो उसकी कथित क्रांतियां है वे सब उसकी स्वतंत्रता, उसके दिमाग–माइंड की चेतना की कीमत पर है। वह अपने हाथों अपना भस्मासुर है तो पृथ्वी का भी है।

जाहिर है इक्कीसवीं सदी में पृथ्वी और मनुष्य दोनों के मिजाज और जैविक अस्तित्व का बुनियादी संकट है। सवाल है इस सप्ताह ऐसा क्या हुआ जो यह विषय और विचार बना?

दरअसल रोजमर्रा की दुनियादारी में हिरोशिमा में जी–सात देशों के जमावड़े को देख आइडिया बना कि अस्सी साल पहले मानवता ने अपने हाथों के परमाणु विध्वंस को देखा था। तब से दुनिया खौफ में जीती आई है। अब दुनिया तिहरे खतरे में है। एक तरफ यूक्रेन से तीसरे महायुद्ध का खतरा तो दूसरा खतरा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के नए आत्मघाती विकास का। तीसरी संकट पृथ्वी की सेहत और अस्तित्व का।

कोई माने या न माने लेकिन ज्ञात इतिहास के इस सत्य को झुठलाया नहीं जा सकता कि आधुनिक मानव बुद्धि की तमाम क्रांतियां पश्चिमी सभ्यता की बदौलत हैं। 1760 की पहली औद्योगिक क्रांति से लेकर परिवहन–संचार, कंप्यूटर–ऑटोमेशन की तीसरी क्रांति, डिजिटल–भूमंडलीकरण की चौथी क्रांति और अब कृत्रिम बुद्धि की पांचवीं क्रांति का सारा श्रेय पश्चिमी सभ्यता को है। बाकी तमाम सभ्यताएं या तो फॉलोवर रही हैं या उससे शिक्षा, तकनीक, ज्ञान–विज्ञान–सृजन के जुगाड़ व नकल करते हुए। इसलिए अच्छा लगा यह जानकर कि अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रप्रमुखों ने पहले दिन अनौपचारिक तौर पर जब विचार किया तो आर्टिफिशियल बुद्धि को लेकर बहुत चर्चा हुई। इससे पहले खबर थी कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सुपर टेक कंपनियों के प्रमुखों को व्हाइट हाउस में बुला कर मसले पर जाना–समझा। ऐसे ही अमेरिकी संसद की कमेटियां भी एआई विकास करती कंपनियों के मालिकों को तलब कर रही हैं। जाहिर है जहां विकास है वही विचार और चिंता है। और यह भी वह कारण है, जिससे इन सात देशों से बाकी 188 देशों की दिशा है।

सवाल है जैसे पिछली क्रांतियों से पश्चिमी सभ्यता की तूती बनी, बेइंतहां कमाई हुई तो आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के मामले में पश्चिमी देश तो इस बढ़ाने का काम करेंगे या इस पर अंकुश, कंट्रोल के उपाय करेंगे?

बड़ा मुश्किल है जवाब सोच सकना! इसलिए कि इस नई क्रांति में सब कुछ ओपन है। फिर इससे आगे मुनाफे में कुबेर का खजाना है। दुनिया के आठ अरब लोगों के दिमाग व जीवन को कंट्रोल करने के मौके हैं। ऐसे में दुनिया के चंद महा फिटेस्ट नेता और धनपति कैसे इक्कीसवीं सदी को अपनी बनाने के मौके को छोड़ेंगे?

जो हो, मनुष्य जात के भस्मासुरी स्वभाव के प्रतीक हिरोशिमा से यह सुन और जान कर अच्छा लगा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर वैश्विक चिंता है। पहली बार मानव विकास की क्रांति उस मोड़ पर है, जिसमें फैसला होना है कि उसके स्वचालित आगे बढ़ने पर कैसे रोक लगे! हालांकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

# एवरेस्ट भी जलवायु परिवर्तन का मारा!

इंसान ने 70पहले दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर विजय पताका फहराई थी। लेकिन अब वहा भी जलवायु परिवर्तन का संकट है। गुजरे 60 वर्षों में एवरेस्ट के चारों तरफ मौजूद 79 ग्लेशियरों की मोटाई 100 मीटर घट चुकी है।

इस हफ्ते दुनिया ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर इनसान के पहुंचने की 70वीं सालगिरह मनाई। न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी और नेपाल के तेंजिंग नोर्गे 29 मई 1953 को ऐसे पहले मनुष्य बने थे, जिन्होंने दुनिया के सर्वोच्च शिखर पर चढ़ने का गौरव प्राप्त किया था। लेकिन 70वीं सालगिरह पर लोगों ने जितना गर्व महसूस किया, उतनी ही चिंता ने भी उन्हें सताया। इस मौके पर उचित ही इस चोटी को प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान पर दुनिया का ध्यान गया है।

एवरेस्ट और हिंदुकुश हिमालय के अन्य पर्वत साढ़े तीन हजार किलोमीटर इलाके में फैले हुए हैं। ये पर्वत आठ देशों की सीमा से गुजरते हैं। इन सब पर ग्लोबल वॉर्मिंग का भारी असर देखने को मिल रहा है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट नाम की एक विशेषज्ञ संस्था ने कहा है कि अगर कार्बन गैसों का उत्सर्जन अपने मौजूदा स्तर पर ही बना रहा, तो अगले 70 साल में इस क्षेत्र के दो तिहाई ग्लेशियर पिघल चुके होंगे। गुजरे 60 वर्षों में एवरेस्ट के चारों तरफ मौजूद 79 ग्लेशियरों की मोटाई 100 मीटर घट चुकी है।



साल 2009 के बाद उनका आकार घटने की रफ्तार दो गुनी हो गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक पूरे हिंदुकुश क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से बढ़ा है। वहां ग्लोबल वॉर्मिंग के खतरनाक प्रभाव काफी समय महसूस हो रहे हैं। गर्म हवाओं, सूखे, प्राकृतिक आपदाओं, अचानक बर्फबारी और ग्लेशियरों के पिघलने का रिकॉर्ड बनता जा रहा है। इससे इस क्षेत्र में रहने वाले दो अरब लोगों की जिंदगी और आजीविका के लिए चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं।

70वीं सालगिरह के मौके पर पर्वतारोहियों ने अपनी आंखों देखी सुनाई। उन्होंने बताया कि माउंट एवरेस्ट बहुत तेजी से बदल रहा है और जलवायु परिवर्तन का पहाड़ों पर कितना गहरा असर हुआ है। दरअसल, ग्लेशियरों के पिघलने के कारण पहाड़पर्वतारोहियों के लिए अधिक खतरनाक होते जा रहे हैं। इस अवसर पर उचित ही याद किया गया कि इनसान ने 70 साल पहले एक ऊंची मंजिल तय की थी। लेकिन अब जलवायु परिवर्तन रोकने की उससे भी ऊंचा लक्ष्य उसके सामने है।

**एवरेस्ट और हिंदुकुश हिमालय के अन्य पर्वत साढ़े तीन हजार किलोमीटर इलाके में फैले हुए हैं। ये पर्वत आठ देशों की सीमा से गुजरते हैं। इन सब पर ग्लोबल वॉर्मिंग का भारी असर देखने को मिल रहा है। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट नाम की एक विशेषज्ञ संस्था ने कहा है कि अगर कार्बन गैसों का उत्सर्जन अपने मौजूदा स्तर पर ही बना रहा, तो अगले 70 साल में इस क्षेत्र के दो तिहाई ग्लेशियर पिघल चुके होंगे। गुजरे 60 वर्षों में एवरेस्ट के चारों तरफ मौजूद 79 ग्लेशियरों की मोटाई 100 मीटर घट चुकी है।साल 2009 के बाद उनका आकार घटने की रफ्तार दो गुनी हो गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक पूरे हिंदुकुश क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का असर तेजी से बढ़ा है। वहां ग्लोबल वॉर्मिंग के खतरनाक प्रभाव काफी समय महसूस हो रहे हैं। गर्म हवाओं, सूखे, प्राकृतिक आपदाओं, अचानक बर्फबारी और ग्लेशियरों के पिघलने का रिकॉर्ड बनता जा रहा है।**

# कब थमेगी मणिपुर में हिंसा

**अजय दीक्षित**

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा की आग महीने भर बाद भी थम नहीं रही है ताजा हिंसा में राज्य में सुरक्षा बलों ने 40 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया है। रविवार को भडक़ी हिंसा में एक महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें असम पुलिस के दो कमांडो भी शामिल हैं । जबकि राज्य में 36 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। राज्य की खराब हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेना प्रमुख दो दिनों से राज्य में हैं, इसके बावजूद उग्रवादियों के हमले कम नहीं हो पा रहे हैं। जितने भी उग्रवादी हैं, सबके पास एके–47 और ए 16 जैसे अत्याधुनिक हथियार हैं । उग्रवादी लोगों की भीड़ की आड़ में हमले कर रहे हैं, जो सुरक्षा बलों के लिए ज्यादा चिंता का विषय है। उग्रवादियों के बढ़े मनोबल का असर ही कहा जायेगा कि ये लोग बिना किसी डर के निर्दोष लोगों की न केवल हत्या कर रहे हैं बल्कि घरों में लूटपाट और आगजनी के अलावा अर्द्धसैनिक बलों के हथियार भी लूट रहे हैं ।

साफ है कि राज्य की स्थिति बेहद गंभीर है। केन्द्रीय गृह मंत्री भले राज्य के दौरे पर हैं और उन्होंने शांति की अपील भी की है, मगर राज्य के हालात सुधरने में लगता है ज्यादा मेहनत की दरकार है। क्योंकि अमित शाह के दौरे के ठीक पहले जिस तरह रविवार को भी नागरिकों को निशाना बनाया गया, वह वाकई चिंता का सबब है। ज्ञातव्य है कि पिछले महीने हुई हिंसा में 80 से ज्यादा लोग मारे गए थे। ताजा हिंसा की दो प्रमुख वजहें हैं। एक है बहुसंख्यक मैती समुदाय को अनुसूचि जनजाति का दर्जा देने का फैसला जिसका कुकी और नागा समुदाय विरोध कर रहे हैं। कुकी और नागा समुदाय को आजादी के बाद से ही आदिवासी का दर्जा मिला हुआ है। दूसरी वजह है गवर्नमेंट लैंड सर्वे ।

भाजपा की अगुआई वाली राज्य सरकार ने रिजड फॉरेस्ट यानी आरक्षित वन क्षेत्र को आदिवासी ग्रामीणों से खाली कराने का अभियान चला रही है। कुकी समुदाय इसके विरोध में है। वैसे, राज्य के मुख्यमंत्री एन. वीरेन सिंह ने राज्य का ताना–बाना न बिगडऩे देने का दावा किया है, मगर जब तक इस मसले पर सरकार कोई युक्तिसंगत फैसला नहीं लेगी, हिंसा नहीं थमने वाली । चूंकि गृह मंत्री अमित शाह राज्य के दौरे पर हैं तो यह उम्मीद की जानी चाहिए कि महीने भर से ज्यादा समय से चल रही जातीय हिंसा का दौर पूरी तरह थम जायेगा ।

# सावधान! ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल खतरनाक...

ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल... 100 करोड़ युवाओं पर बुरा असर डालेगा. ये अनुमान है वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (का. दरअसल आजकल चाहे लोकल ट्रेन हो या फिर बस, या फिर हवाई जहाज. ईयरफोन–हेडफोन का इस्तेमाल करने वाले लोग आपको आसानी से दिख जाएंगे. चाहे मूवी हो या फिर अपने फेवरेट गाने सुनना, या चाहे फोनकॉल पर बात करना, ईयरफोन कान में ठूसे लोग, हमें नजर आ ही जाते हैं, लिहाजा आजकल के दौर में ईयरफोन हमारी लाइफस्टाइल का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है. पर क्या कभी आपने ये सोचा है कि ईयरफोन हमारे लिए कितना खतरनाक हो सकता है! ईयरफोन का अत्याधिक इस्तेमाल, न सिर्फ हमारी सुनने की क्षमता पर बुरा प्रभाव डालता है, बल्कि कान के पर्दे खराब होने की भी संभावना पैदा करता है, ऐसे में इससे बचने के लिए किया क्या जाए? आइये समझते हैं...

दरअसल वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के हालिया अनुमान के मुताबिक हेडफोन या ईयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल, दुनिया भर में लगभग 100 करोड़ युवाओं की सुनने की क्षमता प्रभावित कर सकता है. वहीं अगर पिछले 10 सालों में देखा जाए तो, पोर्टेबल इयरफोन से आने वाले लाउड म्यूजिक के कई तरह के साइड इफेक्ट्स सामने उभर कर आएं हैं. ऐसे में लोगों की घंटों तक हेडफोन या ईयरफोन लगाने की आदत कई तरह के बुरे प्रभाव शरीर पर डालेगी. डॉक्टरों के मुताबिक ईयरफोन से निकलने वाला लाउड म्यूजिक, ईयरड्रम से टकराता है, जिससे ईयरड्रम को नुकसान पहुंचता है, जिससे लोगों में बहरेपन का खतरा बढ़ने के आसार पैदा होते हैं.

**ये हैं नुकसान**

*सिर दर्द *बहरापन *कान में दर्द **ये हैं बचाव के तरीके**

अगर आप खुद को और अपने सुनने की क्षमता को बरकरार रखना चाहते हैं, तो कोशिश करें की जरूरत पड़ने पर ही ईयरफोन का उपयोग करें. बेहतर होगा कि आपकी कोशिश ईयरफोन न इस्तेमाल करने की हो. एक और चीज का ध्यान रखें कि आप जो ईयरफोन या फिर हेडफोन का उपयोग कर रहे हैं, वो अच्छी क्वालिटी का हो, जिससे कुछ भी सुनते वक्त आपके कानों को सुरक्षा मिलेगी.

## गोवा की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झंडी दिखाकर आज रवाना करेंगे

**नई दिल्ली** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुआ की पहली बंदे भारत एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर कल रवाना करेंगे । पूरे देश में अभी तक 19वीं वंदे भारत ट्रेन होगी जो गोवा को मिली है । वंदे भारत ट्रेन लगभग 7:30 घंटे में मुंबई और गोवा के बीच की यात्रा को पूरी करेगी । इस मार्ग की वर्तमान में सबसे तेज ट्रेन की तुलना में यात्रा अवधि में लगभग 1 घंटे की बचत होगी । यात्रियों को विश वक्तव्य अनुभव प्रदान करेगी तथा पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत के विजन् को साकार करने की दिशा में, अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस मुंबई – गोवा मार्ग में रेल–संपर्क में सुधार करेगी और क्षेत्र के लोगों को तेज गति और आराम से यात्रा करने का अवसर प्रदान करेगी।ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और गोवा के मडगांव स्टेशन के बीच चलेगी। यह ट्रेन इस यात्रा को लगभग साढ़े सात घंटे में पूरा करेगी, जिससे वर्तमान में इन दोनों स्थानों के बीच चलने वाली सबसे तेज ट्रेन की तुलना में, यात्रा–अवधि में लगभग एक घंटे के समय की बचत करने में मदद मिलेगी।विश्व स्तर की सुविधाओं और कवच तकनीक समेत उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस स्वदेश में निर्मित इस ट्रेन से दोनों राज्यों में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सीनेट ने पास किया ऋण सीमा संबंधी बिल, दिवालिया होने से बाल–बाल बचा अमेरिका

**वॉशिंगटन, एजेंसी**। अमेरिकी संसद की सीनेट से भी ऋण सीमा को बढ़ाने संबंधी विधेयक पास हो गया। इसके साथ ही अमेरिका का आर्थिक संकट भी टल गया। बता दें कि अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स ने एक दिन पहले ही विधेयक को मंजूरी दी थी। जिसके बाद इसे संसद के ऊपरी सदन सीनेट में भेजा गया था। सीनेट में 63 सांसदों ने इस बिल का समर्थन किया और 36 ने इसके विरोध में वोट किया। सीनेट से बिल पास होने पर राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुशी जाहिर की और संसद की तारीफ की। उन्होंने ये भी कहा कि वह जल्द इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर देंगे। राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर होने के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा। शुक्रवार शाम सात बजे जो बाइडन देशवासियों को संबोधित भी कर सकते हैं। बता दें कि इस विधेयक के तहत अमेरिका का ऋण सीमा संकट 1 जनवरी 2025 तक टल गया है।

## श्रीलंका में भारतीय आई ड्रॉप से 35 लोगों की आंखें संक्रमित, दवा पर लगाई गई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। श्रीलंका के अस्पतालों में 35 मरीजों में आंखों का संक्रमण बढने पर भारत निर्मित दवा की जांच शुरू हुई है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के सूत्रों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि गुजरात की फार्मा कंपनी की दवा की जांच की जा रही है।

शिकायत मिली है कि मिथाइल प्रेडनिसोलोन आई ड्रॉप का उपयोग करने के बाद मरीजों में बैक्टीरिया संक्रमण बढ़ा है। इसी साल मार्च में कंपनी ने आईड्रॉप के दो बड़े बैच श्रीलंका निर्यात किए, लेकिन अप्रैल में वहां के तीन बड़े अस्पतालों में करीब 30 लोगों ने दवा लेने के बाद आंखों में संक्रमण की शिकायत की।

इसके बाद श्रीलंका की सरकार ने न सिर्फ दवा पर तत्काल रोक लगाई, बल्कि उसके खिलाफ जांच भी शुरू कर दी। इस बीच कंपनी ने भी अपनी दवाओं को वापस ले लिया। श्रीलंका सरकार ने 16 मई को पत्र लिखकर भारत से भी निष्पक्ष जांच की अपील की।

# बृजभूषण की रैली क्यों हुई रद्द, क्या योगी हुए नाराज, चिट्ठी में भाजपा सांसद ने क्या कहा?

**नई दिल्ली, एजेंसी**। भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को प्रशासन ने अयोध्या में 5 जून को रैली करने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद से बृजभूषण सिंह तिलमिला गए हैं। उनकी रैली को अनुमति न मिलने को सांसद के खिलाफ लगातार बढ़ते जन आक्रेश का परिणाम माना जा रहा है। भाजपा के अंदरखाने भी उनको लेकर नेताओं में नाराजगी बढ़ने की बात सामने आ रही है। भाजपा नेताओं को बृजभूषण शरण सिंह के बचाव का कोई कारण दिखाई नहीं पड़ रहा है, जबकि उनके बचाव से पार्टी को खासा नुकसान होता दिखाई पड़ रहा है।

कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृजभूषण शरण सिंह की अयोध्या रैली से संतुष्ट नहीं थे। जिस समय योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में अपराधियों पर कठोर कार्रवाई कर अपनी एक अलग छवि बनाई है, उस बीच यदि बृजभूषण शरण सिंह अयोध्या में रैली करते तो इसका नकारात्मक असर पड़ता। भाजपा सूत्रों के अनुसार, योगी आदित्यनाथ यह कतई नहीं चाहते थे। यही कारण है कि अयोध्या में होने वाली रैली को प्रशासन से हरी झंडी नहीं मिली।

अयोध्या में ही अगले वर्ष के प्रारंभ में भगवान राम की जन्मस्थली पर बन रहे मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होना है।

भाजपा नेताओं का मानना है कि यदि इसी बीच बृजभूषण शरण सिंह अयोध्या में रैली करते हैं, तो इससे विपक्ष को राजनीति करने का बड़ा अवसर मिल जायेगा। यही कारण है कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से भी बृजभूषण शरण सिंह को पीछे हटने के संकेत दिए गए हैं।

भाजपा के एक शीर्ष स्तर के नेता ने अमर उजाला से कहा कि पार्टी में आंतरिक स्तर पर भी कोई नेता बृजभूषण शरण सिंह



के साथ नहीं है। लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि पार्टी को आखिर बृजभूषण शरण सिंह का बचाव क्यों करना चाहिए? इसके पहले भी पार्टी ने कुलदीप सिंह सेंगर के मामले में इसी तरह का-र्रवाई करने में देर की थी, जिसके कारण जनता के बीच पार्टी की खासी किरकिरी हुई थी। पार्टी नेता चाहते हैं कि अब इस मामले में देर नहीं की जानी चाहिए और उन पर कड़ी कार्रवाई कर महिलाओं के बीच बेहतर संदेश देना चाहिए।

हालांकि, इसी बीच बृजभूषण सिंह ने एक पत्र जारी कर अपनी जनता का धन्यवाद किया है। उन्होंने जनता को लिखे एक पत्र में कहा गया है कि वे 28 साल से जनता की सेवा कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने अपने विरुद्ध हो रहे प्रदर्शन को राजनीतिक विरोधियों की साजिश करार दिया और कहा कि प्रशासन ने अपने स्तर पर उन्हें रैली करने की अनुमति नहीं दी है, इसलिए पांच जून को होने वाली रैली को कुछ दिनों के लिए टाला जा रहा है।

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा है कि उनकी रैली को क्षेत्र के गणमान्य लोगों का समर्थन प्राप्त था। वे रैली में महत्त्वपूर्ण मुद्दे को सामने लाकर उन पर चर्चा कराना चाहते थे, जिससे मामले का सच सामने आ सके। उन्होंने कहा कि उन्हें जनता का पूरा समर्थन प्राप्त है और वे आगे भी जनता की सेवा करते रहेंगे। फिलहाल, उन्होंने अपने सांसद पद से इस्तीफा देने जैसी कोई बात नहीं की है।

## मैक्सिको में मानवीय शरीर के टुकड़ों से भरे मिले 45 बैग

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी**। पश्चिमी मेक्सिकन प्रांत जलिस्को में पिछले सप्ताह लापता हुए सात युवा कर्मियों की तलाश के दौरान पुलिस अधिकारियों ने मानव शरीर के अंगों के साथ कम से कम 45 बैग बरामद किए गए हैं। मेक्सिको अधिकारियों को मानव अवशेषों से भरे सभी 45 बैग ग्वाडलजारा शहर के बाहरी इलाके के पास एक घाटी मिले हैं। राज्य अभियोजक के कार्यालय ने एक बयान में कहा, मानव अवशेषों के साथ बैग निकाले गए हैं जो पुरुष और महिला दोनों हैं।झ

स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी कॉल सेंटर के सात युवा कर्मियों की तलाश कर रहे थे, जो पिछले सप्ताह लापता बताए गए थे। तलाश अभियान के दौरान उन्हें मानव अवशेषों से भरे बैग मिले हैं। दुर्गम इलाका होने और खराब रोशनी के कारण यह तलाश अभियान कई दिनों तक चलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दमकलकर्मी और नागरिक सुरक्षा, पुलिस के साथ मिलकर काम कर रही है और हेलीकॉप्टर चालक दल के सदस्य इन अवशेषों को बरामद करने की कोशिश कर रहे हैं। अभियोजक कार्यालय ने कहा कि पहला बैग मंगलवार को बरामद हुआ लेकिन दुर्गम इलाका होने और रोशनी की कमी के कारण जांच बुधवार को फिर से शुरू हुई और तब तक चलेगी जबतक कि सभी अवशेषों का पता नहीं चल जाता। रिपोर्ट के अनुसार यह तलाश अभियान मंगलवार को एक बड़े औद्योगिक केंद्र ग्वाडलजारा के एक उपनगर, ज़ापोपन की नगर पालिका में की गई थी।

अधिकारियों ने लगभग दो महिलाओं और पांच पुरुषों की तलाश शुरू की थी, जो 20 मई से लापता बताए जा रहे थे। सभी के लापता होने की रिपोर्ट अलग–अलग दिनों में अलग–अलग की गई थी, लेकिन जांचकर्ताओं ने पाया कि वे सभी एक ही कॉल सेंटर में काम करते थे।

## यूपी में धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा कड़ी

**लखनऊ (एजेंसी)**। उत्तर प्रदेश में अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे हिंदू धार्मिक स्थलों पर आतंकी खतरे की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि विस्फोटक और अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए एंटी–सबोटेज जांच दलों को इन स्थानों पर तैनात किया जाएगा। एडीजी (सुरक्षा) विनोद कुमार सिंह ने कहा कि अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में दो नए जांच दल तैनात किए जाएंगे, जबकि एक–एक वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा के वृंदावन मंदिर में तैनात किए जाएंगे।

दस टीमों को उनके गंतव्य स्थलों के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उन्होंने कहा, चार टीमों को धार्मिक स्थलों पर तैनात किया जाना है, छह अन्य लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, मुरादाबाद, आगरा और झांसी में राजकीय रेलवे पुलिस डिवीजनों में तैनात रहेंगे।एडीजी ने कहा कि हाल ही में राज्य सुरक्षा मुख्यालय के शस्त्रागार में बम का पता लगाने और निपटान दस्ते (बीडीडीएस) और तोडफ़ोड़ रोधी जांच टीमों को जोड़ा गया था।अप्रैल में अयोध्या में राम जन्मभूमि परिसर में सुरक्षा जांच के लिए दो बीडीडीएस और दो एंटी–तोडफ़ोड़ जांच दल तैनात किए गए हैं। एक बीडीडीएस लखनऊ में सचिवालय परिसर, इलाहाबाद उच्च न्यायालय, इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में तैनात किया गया है।

# भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली , एजेंसी**। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत एक उभरती हुई नहीं बल्कि एक उभरती हुई शक्ति है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर अपनी जगह फिर से हासिल कर रहा है। अपने संबोधन की शुरुआत यह कहते हुए की कि 17वीं शताब्दी तक, भारत की अर्थव्यवस्था उल्लेखनीय रूप से मजबूत थी, जो दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद का एक चौथाई से अधिक थी, लेकिन एक कमजोर सैन्य और राजनीतिक गुलामी के कारण इसने अपना गौरव खो दिया।राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार इन दोनों मोर्चों पर यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर



रही है कि भारत अपने पुराने गौरवशाली दर्जे को फिर से हासिल करे। उन्होंने कहा कि मजबूत रक्षा उद्योग की पीठ पर एक मजबूत, युवा और तकनीक–प्रेमी सशस्त्र बल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, जो स्वदेशी रूप से अत्याधुनिक हथियारों/उपकरणों का निर्माण करता है, जबकि प्राप्त करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। औपनिवेशिक मानसिकता से छुटकारा। एक मजबूत सेना न केवल सीमाओं को सुरक्षित करती है, बल्कि किसी देश की संस्कृति और अर्थव्यवस्था की भी रक्षा करती है। लक्ष्य एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करना है, जो अपनी जरूरतों के साथ–साथ मित्र देशों की आवश्यकताओं को भी पूरा करे। यह पुनर्जागरण का युग है। यह भारत को वैश्विक महाशक्ति के रूप में फिर से स्थापित करने का समय है, श्री राजनाथ सिंह ने कहा।मॉर्गन स्टेनली की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए, रक्षा मंत्री ने कहा कि 2013 में भारत को नाजुक 5 अर्थव्यवस्थाओं में नामित करने के बाद, निवेश फर्म ने हाल ही में कहा था कि देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। हाल के वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि। उनका विचार था कि उभरती शक्ति वाक्यांश का उपयोग भारत के लिए तात्कालिक परिप्रेक्ष्य में किया जा सकता है, लेकिन दीर्घावधि के लिए, वह इसे एक पुनरुत्थान शक्ति के रूप में देखता है, जो विश्व आर्थिक मानचित्र पर अपनी जगह पुनः प्राप्त कर रहा है। राजनाथ सिंह ने देश के आर्थिक विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार द्वारा किए गए कई सुधारों को सूचीबद्ध किया।

## आईएनएस त्रिशूल तीन दिवसीय अंजुअन बंदरगाह, कोमोरोस का दौरा किया

**नई दिल्ली , एजेंसी**। भारतीय नौसेना की लंबी दूरी की तैनाती के हिस्से के रूप में, आईएनएस त्रिशूल तीन दिवसीय अंजुअन बंदरगाह, कोमोरोस का दौरा किया।

जहाज ने 31 मई 23 को अंजुन द्वीप पर लंगर डाला और नागरिक–सैन्य नेतृत्व द्वारा प्राप्त किया गया। दौरे के हिस्से के रूप में, कमांडिंग ऑफिसर, कैप्टन कपिल कौशिक ने अंजुअन में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की। कोमोरोस सशस्त्र बलों और कोमोरोस कोस्ट गार्ड के साथ व्यावसायिक बातचीत, बंदरगाह में रहने के दौरान जहाज द्वारा कोमोरोस रक्षा बलों के साथ खेल जुड़नार और एक संयुक्त योग सत्र आयोजित किया गया।

## पाकिस्तान ने 198 भारतीय मछुआरों को किया रिहा

**कराची, एजेंसी**। पाकिस्तानी अधिकारियों ने 198 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया है, जिन्हें अरब सागर में देश के जलक्षेत्र में हिरासत में लिया गया था। कराची की मलीर जेल में कैद मछुआरे लाहौर जाने वाली ट्रेन में सवार हुए, जहां से वे भारत के लिए यात्रा करेंगे। पाकिस्तान ने सद्भावना दिखाते हुए भारतीय मछुआरों को रिहा करने का फैसला किया है।मलीर जेल के अधिकारियों के अनुसार, रिहा किए गए भारतीय मछुआरों के समूह में 200 व्यक्ति शामिल थे। उनमें से दो ने हिरासत के दौरान बीमारी के कारण दम तोड़ दिया और बाकि 198 को रिहा कर दिया गया।हिरासत में लिए गए भारतीय मछुआरों के बाकी बचे जत्थे जून और जुलाई में रिहा होने वाले हैं।पाकिस्तान और भारत के मछुआरे अक्सर दूसरे देश के जल क्षेत्रों में घुस जाते हैं, तो दोनों देशों के समुद्री सुरक्षा बल अक्सर उन्हें पकड़ लेते हैं।

# माफिया अतीक से खाली कराई गई भूमि पर आवास बनकर तैयार

### छह जून को निकाली जाएगी लॉटरी

**प्रयागराज , एजेंसी**। लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लॉटरी छह जून को निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

शनिवार को लॉटरी निकालने से संबंधित विज्ञापन भी जारी कर दिया जाएगा। आवास का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसको भगवा रंग में रंगवाया गया है।

लूकरगंज में माफिया अतीक अहमद के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) द्वारा बनाए जा रहे प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम आवास योजना के फ्लैट भगवा दिखेंगे। इन फ्लैटों के निर्माण का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है।



साथ ही इन्हें भगवा रंग में रंगवाया जा रहा है। जल्द ही इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसंबर 2021 में फ्लैटों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था।प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से 1731 वर्गमीटर में तैयार कराए जा रहे 76 फ्लैटों के लिए कुल 6071 लोगों ने आवेदन किया है।

फ्लैट के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। लॉटरी निकलने के बाद आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का खुद के आवास का सपना पूरा हो जाएगा।

माफिया अतीक अहमद से लूकरगंज में खाली कराई गई जमीन पर बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के 76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 जुलाई तक थी।आवेदन के बाद एक फ्लैट पर 80 दावेदारी सामने आए हैं। ऐसे में अपने घर का सपना किसका साकार होगा, यह पीडीए की लॉटरी निकालने के बाद ही साफ हो सकेगा।

लूकरगंज फ्लैट का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजनाओं में शामिल है। यहीं कारण है कि मुख्यमंत्री ने इन फ्लैट के निर्माण की नींव स्वयं ही पिछले साल दिसंबर में रखी थी। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की ओर से इन फ्लैट के लिए आवेदन प्रक्रिया इस वर्ष 30 जून से शुरू हुई थी।

76 फ्लैट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वालों की संख्या 6071 पर पहुंच गई। यानी एक फ्लैट के लिए करीब 80 लोगों ने दावेदारी दी है। ऐसे में खुद के आशियाना हासिल करने का सपना किसका साकार होगा, यह तो लॉटरी के बाद साफ हो सकेगा।

लूकरगंज में एक बिल्डिंग तीन मंजिला होगी। इसमें प्रत्येक फ्लैट का कवर एरिया 22.77 वर्गमीटर रहेगा। योजना के अंतर्गत फ्लैट के लिए आवंटी को कुल साढ़े तीन लाख रुपये पीडीए को भुगतान करने होंगे। इसमें 45 हजार रुपये आवंटन के समय और शेष बचे तीन लाख रुपये छह माह की किस्त में देनी होंगे।

# खुद की 2660 फर्जी कंपनियां और सरकार को लगा दिया 15 हजार करोड़ का चूना, माल्या और नीरव मोदी को भी पीछे छोड़ा

**नोयडा (एजेंसी)**। दिल्ली से सटे नोएडा में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है जिसने भारत के भगोडे कारोबारियों विजय माल्या और नीरव मोदी को भी पीछे छोड़ दिया है। जी हां.. नोएडा पुलिस ने जीएसटी नंबर सहित 2660 फर्जी कंपनियां बनाने वाले एक गिरोह के महिला समेत 8 लोगों को पकड़ा है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि ये लोग सरकार को प्रति माह करीब 15000 करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान और राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे थे।

इस गिरोह ने फर्जी कंपनियां बनाकर देशभर में सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया। नोएडा पुलिस ने मामले में सरगना समेत 8 को गिरफ्तार किया है। बता दें कि, विजय माल्या पर 9 हजार करोड़, जबकि नीरव मोदी पर 14 हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड का आरोप है।

नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार को बताया कि आरोपी दिल्ली–गाजियाबाद के तीन स्थानों पर ऑफिस खोलकर फर्जीवाड़ा कर रहे थे। आरोपियों के पास से फर्जी दस्तावेजों से तैयार 2600 से अधिक कंपनियों की सूची भी मिली है। पुलिस ने सरगना दीपक मुरजानी, विनीता, अश्वनी, यासीन, आकाश सैनी, राजीव, अतुल और विशाल को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

जांच में आठ हजार लोगों के पैन की डिटेल के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं। इस गिरोह ने पांच साल में सरकार को करीब 15 हजार करोड़ का राजस्व नुकसान पहुंचाया है। गिरोह फर्जी कंपनी और फर्जी जीएसटी नंबर के आधार पर जीएसटी रिफंड ले लेता था। मार्च में मिली शिकायत के बाद पुलिस की तीन टीमों ने जांच कर गिरोह का खुलासा किया है।

सेक्टर–20 पुलिस की ओर से पकड़ा गया ठग गिरोह 2660 फर्जी कंपनियों के जरिये देशभर में फर्जीवाड़ा कर रहा था। गिरोह में शामिल आठ आरोपियों से आठ लाख लोगों के पैन कार्ड के ब्योरे समेत फर्जी दस्तावेज बरामद हुए हैं।

## कोझिकोड में नशीला पदार्थ खिलाकर कॉलेज छात्रा से रेप,आरोपी की तलाश जारी

**कोझिकोड, एजेंसी**। केरल के कोझिकोड जिले में कॉलेज की एक छात्रा को कथित तौर पर नशीला पदार्थ देकर उससे बलात्कार करने और फिर उसे एक पहाड़ी दर्रे में छोड़ दिए जाने का मामला सामने आया है. पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी.पुलिस ने बताया कि यह घटना 30 मई को राज्य के उत्तरी जिले के थामरस्सेरी में हुई थी और इस मामले के एक आरोपी की पहचान कर ली गई है. उसने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज करने के बाद विस्तृत जांच शुरू की गई है ।


G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक / कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मण्डल के द्वारा पे एण्ड यूज शौचालय (पे एण्ड यूज) के आधार पर एवं पार्किंग के कार्य को आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से ठेके पर देने हेतु ई–नीलामी www.ireps.gov.in पर दिनांक 16.06.2023 को आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत जानकारी नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1692/23

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ.) उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल के द्वारा रेलवे स्टेशन पर खानपान स्टाल के आवंटन हेतु ई–बोली आमंत्रित की गयी है, जिसकी बोलिया www.ireps.gov.in पर शुरू होगी। इसके लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

| कैटेगरी | कैटलॉग संख्या | रेलवे स्टेशन | ई–बोली की आरम्भ तिथि | ई–बोली की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| Catering Stall | 23-MB-CTC-1 | हरदोई, पुर्णपुर, लक्सर, रामपुर, संभल, चंदौसी, दिवासरा, बुलंदशहर, अमरोहा, सौरहा, गजरौला, हकीमपुर, गढ़मुक्तेश्वर, राजा का सहसपुर, कोटद्वार, शाहजहांपुर, सिसलारा, बालावली, मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन। | 10.06.2023 | 19.06.2023 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1696/23

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उत्तर रेलवे अभियंता/सम्बद्ध द्वारा निम्नलिखित ई–टेंडर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेण्डर शाखा के अंतर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होगा। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेंडर संख्या | 52-DRM-MB-23-24 Dt : 02.06.2023 |
| कार्य का नाम | Up-gradation of Chandpur Siau Railway station under Moradabad division. |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक | 27.06.2023 |
| टेण्डर क्लोजिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,79,21,282.34 |
| धरोहर राशि | 239100.00 |
| टेण्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 13.06.2023 |

टेण्डर नं. DEN-V/Publication/52-DRM/23 दिनांक : 02.06.2023 1692/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव **उत्तर रेलवे** G20

निविदा सूचना

विभाग : Electrical (TRD)

टेंडर नं. : T-07-TRD-MB-23-24

कार्य का नाम : मुरादाबाद मंडल के कार्यों अर्थात हरदोई, बुलंदशहर, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, अमरोहा, चंदौसी, स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज और उच्च स्तरीय प्लेटफार्मों की व्यवस्था और एनबी डिवीजन के शाहजहांपुर और रामपुर स्टेशनों पर दिव्यांगजन अनुकूल फुट ओवर ब्रिज।

निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय : 27.06.2023, 15:00 बजे

कार्य की अनुमानित लागत : रु. 2,01,02,208.53/- (Including GST)

बिड सिक्यूरिटी राशि : रु 2,50,500/-

निविदा प्रपत्र मूल्य : शून्य

ऑफर की वैधता (दिन) : 60 दिन

कार्य पूरा करने की अवधि : 12 माह

वेबसाइट एवं कार्यालय का पता : www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

सं.: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-04 दिनांक: 02.06.2023 1701/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# इंटरनेशनल जंपिंग मीट टूर्नामेंट में मेरा लक्ष्य 8.20 मीटर की दूरी को हासिल करना था: मुरली श्रीशंकर



ग्रीस, इस महीने की शुरुआत में ग्रीस के कालिथिया में आयोजित इंटरनेशनल जंपिंग मीट 2023 में 8.18 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीतने के बाद, मुरली श्रीशंकर ने कहा कि इस टूर्नामेंट में उनका लक्ष्य 8.20 मीटर की दूरी को हासिल करना था।उन्होंने कहा, मेरा इरादा इतनी मेहनत करने का नहीं था, लेकिन निश्चित रूप से, इस प्रतियोगिता के लिए मेरा लक्ष्य 8.20 मीटर था। मैंने प्रारंभिक प्रतियोगिताओं के रूप में दो मुकाबलों में भाग लिया था ताकि यह जांचा जा सके कि उस समय मेरा शरीर कहां खड़ा था। सीजन का प्रतिस्पर्धी चरण अभी शुरू हुआ है। इसलिए, मैं ज्यादा मेहनत नहीं करना चाहता था, लेकिन निश्चित रूप से, इस प्रतियोगिता के लिए 8.20 मीटर मेरा लक्ष्य था, मैं अपने लक्ष्य को हिट करना चाहता था।उन्होंने इस बारे में बात की कि ग्रीस के लिए उन्होंने खुद के लिए जो लक्ष्य बनाया था, उसे हासिल करने के लिए उन्हें संघर्ष क्यों करना पड़ा। मुरली ने कहा, हवा ने उस दिन एक प्रमुख भूमिका निभाई और कालिथिया में यह पहली बार था जब हमने एक हेडविंड का सामना किया। आमतौर पर, हमारे पास एक अच्छा टेलविंड होता है और एक दिन पहले जब हमने वार्म-अप किया था, तो स्थितियाँ काफी आदर्श थीं। मैं अपनी लय में आने में सक्षम नहीं था, इसलिए मुझे अपना दृष्टिकोण अधिक सामने रखना पड़ा क्योंकि मुझमें गति की भी कमी थी।ग्रीस में आयोजित इंटरनेशनल जंपिंग मीट 2023 इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के एथलीट मुरली की चोट के बाद पहली प्रतिस्पर्धी मीट थी।श्रीशंकर ने अपनी फिटनेस और कंडीशनिंग के बारे में बात करते हुए कहा, यह सत्र की मेरी दूसरी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता थी लेकिन मेरा पहला प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट था। हम जिस तरह से योजना बना रहे थे, मैं ठीक से अमल नहीं कर पाया। आमतौर पर प्रतियोगिताओं के दौरान, मेरा दृष्टिकोण लगभग 30 या 40 सेंटीमीटर पीछे चला जाता था, लेकिन इस बार यह 20-30 सेंटीमीटर की तरह सामने आ गया क्योंकि मेरे पास गति की कमी थी। मुझे लय में आने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। इसलिए, अगली कुछ प्रतियोगिताओं में, मुझे लगता है कि मैं बेहतर लय में आने और बड़ी छलांग लगाने में सक्षम हो जाऊंगा क्योंकि मैं अपने शरीर और दिमाग को एक प्रतिस्पर्धी मोड में ले आ पाऊंगा।मुरली, जो जेसविन एल्ड्रिन के बहुत अच्छे दोस्त हैं, जिनके साथ वह एक बहुत ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धी भावना साझा करते हैं, ने बताया कि कैसे वे ट्रैक पर एक-दूसरे का उत्साहवर्धन करते हैं।उन्होंने कहा, जेसविन ने 8.42 मीटर की अविश्वसनीय छलांग लगाई, जिसने न केवल भारतीय जंपर्स के लिए बल्कि दुनिया के सभी जंपर्स के लिए टोन सेट किया। यह स्वस्थ प्रतियोगिता निश्चित रूप से अन्य सभी कूदने वालों को ऊपर उठने और हमारे अपने प्रदर्शन में सुधार करने में मदद करेगी। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इस अवधि के दौरान हम दुनिया भर के शीर्ष एथलीटों के साथ अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन हासिल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करें। हम विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों जैसे बड़े मंच के आयोजनों के लिए तैयार रहना चाहते हैं जो इस साल होने वाले हैं।श्रीशंकर 9 जून 2023 को आयोजित होने वाली पेरिस डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां वह दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ एथलीटों के खिलाफ उतरेंगे।उन्होंने कहा, यह सीजन काफी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि एशियाई खेल अक्टूबर के पहले सप्ताह में होंगे और एशियाई खेलों के क्वालीफायर जून के पहले सप्ताह में होंगे। इसलिए, हमें सीजन की योजना बहुत सावधानी से बनानी होगी ताकि हम एशियाई खेलों तक फॉर्म और प्रदर्शन को बनाए रख सकें।

# जियोसिनेमा पर 12 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा आईपीएल 2023 का खिताबी मुकाबला




नई दिल्ली,02 जून। इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के खिताबी मुकाबले को जियोसिनेमा पर 12 करोड़ से अधिक लोगों ने देखा। इसी के साथ आईपीएल 2023 विश्व स्तर पर सबसे ज्यादा देखा जाने वाला डिजिटल इवेंट बन गया।जियोसिनेमा के रिकॉर्ड तोड़ कंज्यूमर इंगेजमेंट के पीछे का कारण यह था कि टाटा आईपीएल के इस आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर ने 2023 सीजन् को 12 भाषाओं में फैंस के सामने पेश किया, जिसमें 17 फीड्स थे। ये प्रसारण दर्शकों को एआर-वीआर और 360 डिग्री व्यूइंग के साथ मैच को हर कोण से देखने की आजादी देते थे। इस कारण आईपीएल देखने का फैंस का अनुभव पहले से अधिक रोचक और् एक्शन भरपूर बन गया। इसी कारण प्रति मैच हर मैच में दर्शकों द्वारा इस प्लेट-फार्म पर औसतन 60 मिनट समय बिताया गया।जियोसिनेमा 2.5 करोड़ से अधिक डाउनलोड रजिस्टर हुए। यह एक ही दिन में सबसे अधिक इंस्टॉल किए गए किसी भी ऐप की रिकॉर्ड संख्या है। पहले चार हफ्तों के दौरान इसे अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली और उसके बाद, जियोसिनेमा ने फैंस को प्रसन्न करने के लिए 360-डिग्री व्यूइंग फीचर जारी किया, जो डिजिटल पर इमर्सिव फैन इंगेजमेंट की शक्ति को प्रदर्शित करता है। जियोसिनेमा ने -जीतो धन धना धन- की शुरुआत करके और 30 से अधिक शहरों में फैंस को टाटा आईपीएल फैन पार्कों में आमंत्रित करके अपने डिजिटल-फर्स्ट आफरिंग का विस्तार किया।वायाकॉम 18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, जियोसिनेमा ने टाटा आईपीएल के दौरान अपने प्रायोजकों और विज्ञापनदाताओं को कई ऑफर दिए। इनमें टारगेटिंग, फ्लेक्सिबिलिटी ऑफ कास्ट, मेजरमेंट, इंटरेक्टिविटी, रीच और इंट्रीगेशन शामिल हैं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत की गेंदबाजी को लेकर असमंजस में आस्ट्रेलिया



लंदन, आस्ट्रेलिया को उम्मीद है कि सात जून से ओवल पर शुरू हो रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में रविंद्र जडेजा भारत की अंतिम एकादश में होंगे लेकिन रविचंद्रन अश्विन को लेकर स्थिति उनके लिये स्पष्ट नहीं है । भारत ने हाल ही में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला में अश्विन (25 विकेट) और जडेजा (22) दोनों को उतारा था और उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने श्रृंखला 2 . 1 से जीती । केंट काउंटी क्रिकेट मैदान पर आस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र से पहले सहायक कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि टीम प्रबंधन ने भारत के संभावित गेंदबाजी आक्रमण को लेकर काफी बात की है । उन्होंने कहा , हम इस पर बात कर रहे हैं । मुझे लगता है कि जडेजा खेलेगा क्योंकि वह उपयोगी बल्लेबाज भी है ।'

उन्होंने कहा, चौथे गेंदबाज और हरफनमौला को लेकर शार्दुल ठाकुर या अश्विन में से एक हो सकता है लेकिन दोनों अच्छे विकल्प हैं । अश्विन ने इंग्लैंड में सात टेस्ट में 18 विकेट लिये हैं लेकिन ओवल पर एक ही मैच खेले हैं । विटोरी ने कहा , अश्विन शानदार गेंदबाज हैं और अधिकांश टीमों में पहली पसंद होगा लेकिन ओवल के हालात में टीम संयोजन को देखते हुए उसे शायद बाहर रहना पड़ सकता है । विटोरी ने यह भी कहा कि आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल में कैमरन ग्रीन की भूमिका अहम होगी । उन्होंने कहा , अब तैयारी के लिये कोई भी प्रारूप हो सकता है ।वह आईपीएल के दौरान भी लगातार टेस्ट का अभ्यास कर रहा था । भारत के खिलाफ श्रृंखला में और आईपीएल में उसका प्रदर्शन शानदार रहा है जो टीम के काम आयेगा ।

## भारत आईसीसी राजस्व के 38 प्रतिशत का हकदार, कहा ईसीबी सीईओ ने

दुबई, इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूड का मानना है कि विश्व क्रिकेट के विकास और राजस्व के सृजन में भारत का बड़ा योगदान है और वह 2024 से 2027 के बीच आईसीसी के प्रस्तावित वित्तीय मॉडल के तहत 230 मिलियन डॉलर सालाना पाने का हकदार है ।नये प्रस्तावित मॉडल के तहत भारतीय क्रिकेट बोर्ड को 600 मिलियन डॉलर राजस्व में से 38 . 5 प्रतिशत मिल सकता है जबकि ईसीबी को 41 . 33 मिलियन और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को 37 . 53 मिलियन डॉलर मिलेगा ।पीसीबी को 34 . 51 मिलियन ( 5 .75 प्रतिशत ) मिलेगा जबकि बाकी की रकम शेष पूर्णकालिक सदस्यों में बांट दी जायेगी । कुल 12 पूर्णकालिक सदस्यों को 532 . 84 मिलियन ( 88 .81 प्रतिशत ) और बाकी को 67 . 16 मिलियन डॉलर ( 11 . 19 प्रतिशत ) मिलेगा ।आईसीसी से अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलनी बाकी है । इस मॉडल की यह कहकर आलोचना हो रही है कि इससे वित्तीय असमानता बढेगी । गूड ने हालांकि इसका समर्थन करते हुए कहा, राजस्व के सृजन और खेल को आगे ले जाने में भारत की भूमिका को देखे तो यह सही है ।

# श्रीलंका के खिलाफ पहले दो एक दिवसीय मैच से बाहर हुए राशिद खान



नई दिल्ली,। अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण श्रीलंका के खिलाफ तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के पहले दो मैचों में नहीं खेलेंगे।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने पुष्टि की है कि राशिद खान श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला के पहले दो एकदिवसीय मैचों में नहीं खेल पाएंगे, हालांकि तीसरे और अंतिम मैच में उनके वापसी की उम्मीद है।टीम फिजियो ने कहा, राशिद पूर्ण चिकित्सा निगरानी में रहेंगे और उनके 7 जून को अंतिम वनडे के लिए लौटने की उम्मीद है। तीन मैचों की श्रृंखला 2 जून से शुरू होगी और सभी मैच हंबनटोटा के महिंदा राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।राशिद हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुजरात टाइटन्स की टीम का हिस्सा थे, उनकी टीम फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से 5 विकेट से हार गई। राशिद टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा विकेट (27) लेने वाले गेंदबाज थे।हशमतुल्लाह शाहिदी श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में अफगानिस्तान का नेतृत्व करेंगे। राशिद की अनुपस्थिति में मुजीब उर रहमान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी पर स्पिन गेंदबाजी का भार होगा।श्रीलंका श्रृंखला के एक सप्ताह बाद अफगानिस्तान सभी प्रारूप के दौरे के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगा, जिसकी शुरुआत 14 जून को चटोग्राम में एक मात्र टेस्ट से होगी।श्रीलंका के लिए एकदिवसीय श्रृंखला महत्वपूर्ण होगी क्योंकि वे जिम्बाब्वे में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 क्वालीफायर के लिए तैयारी कर रहे हैं।

श्रीलंका ने दिमुथ करुणारत्ने, दुशमंथा चमीरा और सदीरा समरविक्रमा के साथ अफगानिस्तान श्रृंखला के लिए एक मजबूत 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, ये सभी लंबे अंतराल के बाद एकदिवसीय सेटअप में लौट रहे हैं।पूर्व विश्व कप चैंपियन श्रीलंका को क्वालीफायर में ग्रुप बी में आयरलैंड, स्कॉटलैंड, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है, उनके अभियान की शुरुआत 19 जून को यूएई के खिलाफ होगी।

## फिल्मी सफर

# महेश बाबू की फिल्म एसएसएमबी28 का नया पोस्टर रिलीज, पिता कृष्णा को किया समर्पित



महेश बाबू का नाम दक्षिण भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं की सूची में शुमार है। मौजूदा वक्त में वह अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी28 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें महेश के अलावा पूजा हेगड़े और श्रीलीला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। अब निर्माताओं ने बुधवार को एसएसएमबी28 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें महेश दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने एसएसएमबी28 का नया पोस्टर अपने पिता कृष्णा को समर्पित किया है। महेश ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर एसएसएमबी28 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आज का दिन और भी खास है! यह आपके लिए है पापा। गौरतलब है कि पिछले साल महेश के पिता कृष्णा का निधन दिल का दौरा पडने् की वजह से हुआ था। फिल्म एसएसएमबी28 की बात करें तो इसका निर्देशन त्रिविक्रम श्रीनिवास कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एसएसएमबी28 के ओटीटी राइट्स नेटफ्लिक्स ने 81 करोड़ रुपये में खरीद लिए हैं। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फिल्म का धमाकेदार पोस्टर शेयर किया था और इसके साथ ही एक्टर ने फिल्म का रिलीज डेट का भी एलान कर दिया है. फिल्म का पोस्टर देखकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं थे. महेश बाबू ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी नई फिल्म एसएसएमबी 28 के पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसमें वह फुल स्वैग में नजर आ रहे हैं. मुंह में सिगार दबाए हुए महेश बाबू टशन में नजर आ रहे थे. उनके सामने लोगों की भीड़ दिख रही थी. महेश बाबू ने कैप्शन में बताया कि उनकी ये फिल्म 13 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. बताते चलें कि महेश बाबू आरआरआर के डायरेक्टर एसएस राजामौली के साथ काम करने जा रहे हैं. एसएस राजामौली और महेश बाबू की फिल्म का टेंटेटिव टाइटल एसएसएमबी 29 रखा गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, महेश बाबू अपनी इस फिल्म के लिए लंबी वर्कशॉप करेंगे. ये वर्कशॉप इस साल के अंत तक शुरू की जाएगी, जो करीब 6 महीने तक चलेगी.

## सोनाक्षी सिन्हा ने दहाड़ के निर्माताओं को अपने हाथों बनाई पेंटिंग भेंट की

ओटीटी शो दहाड़ के लिए तारीफें बटोर रही एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा ने शो की निर्माताओं जोया अख्तर और रीमा कातगी को आभार के तौर पर हाल ही में एक पेंटिंग भेंट की है। इस पेंटिंग में एक बाघ शून्य भाव से देख रहा है।

जोया ने इंस्टाग्राम पर सोनाक्षी को धन्यवाद देते हुए लिखा, टाइगर टाइगर बर्निंग ब्राइट। उन्होंने बेस्टगिफ्ट, पेंटिंग, सोनाक्षीसिन्हा और दगर्लइजएनआर्टिस्ट हैशटैग का प्रयोग किया। साथ ही उन्होंने असलीसोना और टाइगरबेबीऑफिशियल को टैग भी किया।

सोनाक्षी ने भी इस पोस्ट को शेयर करते हुए शो के निर्माताओं को धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा, मेरा बेस्ट रोल क्रिएट करने वाली लडकी को मेरा सर्वश्रेष्ठ गिफ्ट। मुझे अंजलि भाटी बनाने के लिए थैंक्यू टाइगर बेबीज रीमा कातगी और जोया अख्तर। फॉरएवरग्रेटफुल। सोनाक्षी द्वारा बनाई गई यह पेंटिंग रीमा और जोया के प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी को समर्पित है। रीमा कातगी और रुचिका ओबेरॉय निर्देशित दहाड़ का प्रोडक्शन एक्सेल मीडिया एंड इंटरटेनमेंट और टाइगर बेबी द्वारा किया गया है। इसके एग्जिक्युटिव प्रोड्यूसर रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, जोया अख्तर और रीमा कातगी हैं। आठ एपिसोड वाली यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

# सामंथा रुथ प्रभु फिल्म चेन्नई स्टोरी से भरेंगी हॉलीवुड की उड़ान



सामंथा रुथ प्रभु दक्षिण भारतीय सिनेमा की उन अभिनेत्रियों में शुमार हैं, जिन्होंने अपने दम पर इंडस्ट्री में अपना एक खास मुकाम हासिल किया है। वह न सिर्फ साउथ, बल्कि बॉलीवुड के दर्शकों के बीच भी लोकप्रिय हैं। बहरहाल अब जो खबर आ रही है, उससे उनके प्रशंसक खुशी से झूम उठेंगे। दरअसल, सामंथा हॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने को तैयार हैं। वह इसे लेकर उत्साहित हैं। उनकी पहली विदेशी फिल्म और इससे जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई हैं। काफी समय पहले खबरें आई थीं कि सामंथा हॉलीवुड का रुख करने वाली हैं। अब खबर है कि वह चेन्नई स्टोरी से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं। सामंथा आजकल सर्बिया में वरुण धवन के साथ सिटाडेल की शूटिंग कर रही हैं। इसका शूट खत्म करते ही वह चेन्नई स्टोरी की शूटिंग शुरू कर देंगी। इस फिल्म का निर्देशन बाफ्टा में नामांकन पा चुके जाने-माने निर्देशक फिलिप जॉन कर रहे हैं।

फिल्म में सामंथा के साथ भारतीय मूल के इंग्लिश एक्टर विवेक कालरा नजर आएंगे। वह इसमें एक दक्षिण एशियाई वेल्शमैन का किरदार निभाएंगे। फिल्म में उन्हीं की कहानी बताई जाएगी, जो अपने पिता को खोजने के लिए चेन्नई का सफर करता है। वह एक जासूस (सामंथा) से मदद मांगता है। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होगी, जिसमें सामंथा और विवेक की जोड़ी देखने को मिलेगी। यह फिल्म पूर्वी और पश्चिमी संस्कृतियों का जश्न मनाएगी और इन्हें एकजुट करेगी। प्यार की कलियां कहीं भी खिल सकती है, फिल्म में यह देखने को मिलेगा। सामंथा फिल्म में एक ऐसी तमिल महिला की भूमिका में होंगी, जो खुद की डिटेक्टिव एजेंसी चलाती है। फिल्म में सामंथा का किरदार एक गरम दिमाग वाली स्वतंत्र महिला का है। यह फिल्म 2004 में आए लोकप्रिय उपन्यास अरेंजमेंट्स ऑफ लव पर आधारित है। इस उपन्यास के लेखक टी.एन. मुरारी हैं। फिल्म की शूटिंग चेन्नई और ब्रिटेन में होगी। फिल्म अंग्रेजी और तमिल में रिलीज होगी।

# बैकलेस ड्रेस पहन समुंद्र किनारे जैस्मिन भसीन ने दिए सेक्सी पोज, तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाई सनसनी



दिल से दिल तक में टेनी का किरदार निभा कर हर घर में मशहूर होने वाली एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस ने इस टीवी शो में अपने दमदार अभिनय से फैंस का दिल जीत लिया था। अब हाल ही में उनकी लेटेस्ट वेकेशन की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें एक्ट्रेस अपने बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया का पारा गर्म करने में लगी हुई हैं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन इन दिनों भले ही किसी टीवी सीरियल में नहीं दिखाई दे रही हो, लेकिन वो आए दिन अपने व्लॉग्स और फोटोज के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। वो हर बार अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट मालदीव वेकेशन की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में जैस्मिन भसीन ने ब्लू कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपना परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को बेहद ही शानदार लग रहा है। हालांकि लोगों की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं। जैस्मिन भसीन ने अपने इस फोटोशूट के दौरान काफी डीप बैकलेस पहनी है, जो पीठ से पुरी तरह खुली है।

# इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला का टीजर जारी, सामने आईं दिलजीत दोसांझ की झलकियां



इम्तियाज अली ने दर्शकों को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। उनकी गिनती बॉलीवुड के लोकप्रिय निर्देशकों में होती है। अब वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म चमकीला का टीजर रिलीज कर दिया गया है और इसी के साथ-साथ फिल्म का आधिकारिक रूप से ऐलान भी हो गया है। इस फिल्म के हीरो दिलजीत दोसांझ हैं। यह जानकारी भी दी गई है कि फिल्म दर्शकों के बीच कब आएगी।

दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा कर लिखा, जो नाम सालों से आपके दिलों दिमाग में छाया है, वो अब आपके सामने आया है। देखिए पंजाब के सबसे ज्यादा लोकप्रिय कलाकार अमर सिंह चमकीला की अनकही कहानी। जल्द आ रही है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। टीजर के मुताबिक, यह फिल्म अगले साल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी और जल्द ही ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठ जाएगा। टीजर में दिलजीत, चमकीला के अवतार में नजर आ रहे हैं।

इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा भी अहम भूमिका निभाएंगी। चर्चा है कि वह इसमें चमकीला की पत्नी अमरजोत का किरदार निभाने वाली हैं। उन्होंने टीजर साझा कर लिखा, आपने उनकी आवाज तो सुनी है, लेकिन अब उनकी कहानी सुनिए ..चमकीला...जल्द ही आ रही है नेटफ्लिक्स पर। साल 2024 में। उनके इस पोस्ट पर प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की और कुछ ने फिल्म को ओटीटी के बजाय सिनेमाघरों में रिलीज करने की बात कही।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com